

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 9 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-281 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## छत्तीसगढ़ में शिक्षक प्रमोशन पर हाईकोर्ट सख्त

### विभागीय पदोन्नति समिति की कार्रवाई पर रोक

रायपुर,9 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग में चल रही पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने प्राथमिक शाला के हेड मास्टर से लेक्चरर पद पर पदोन्नति से संबंधित मामलों में अंतरिम आदेश जारी करते हुए 22 दिसंबर 2025 को हुई विभागीय पदोन्नति समिति की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता बृजेश मिश्रा एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि वे वर्ष 2010 से हेड मास्टर प्राथमिक के पद पर कार्यरत हैं। 1 जनवरी 2022 को आयोजित डीपीसी में उन्हें पदोन्नति के लिए योग्य भी घोषित किया गया था, लेकिन कुछ याचिकाओं के लंबित रहने के कारण उस समय पदोन्नति आदेश जारी नहीं हो सके। याचिका में बताया गया कि संबंधित प्रकरणों का 9 मार्च 2023 को अंतरिम निराकरण हो गया था, जिसके बाद पदोन्नति में कोई कानूनी अड़चन शेष नहीं रही। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने 2022 की डीपीसी को लागू नहीं किया, जो याचिकाकर्ताओं के साथ अन्याय है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि कोर्ट में मामला लंबित रहते हुए वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप दिए बिना नया नियम लागू कर दिया गया, जो नियमों के खिलाफ है। याचिका में यह भी कहा गया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक व प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2019 का उल्लंघन करते हुए 22 दिसंबर 2025 को नया नियम लागू किया गया, जिसमें केवल शिक्षक एलबी संवर्ग को शामिल किया गया। ई संवर्ग के नियमित शिक्षकों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया, जो नियमों और समानता के सिद्धांत के विपरीत है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने पदोन्नति प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अब इस प्रकरण में आगे की सुनवाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## तमनार कांड पर हाईकोर्ट नाराज, महाधिवक्ता तलब

**बिलासपुर,9 जनवरी।** जिले के तमनार थाना क्षेत्र में महिला आरक्षक के साथ हुई शर्मनाक घटना को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए शासन की भूमिका पर सवाल खड़े किए और सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए महाधिवक्ता को तलब करने के निर्देश दिए। दरअसल, हाईकोर्ट में यह टिप्पणी अभनपुर थाना क्षेत्र के एक अन्य मामले की सुनवाई के दौरान आई। राजधानी रायपुर के एक थाना क्षेत्र में टोनहा और तांत्रिक होने के आरोप में एक व्यक्ति को निर्वस्त्र कर सार्वजनिक रूप से घुमाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसी याचिका पर सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की, जिसके साथ ही तमनार की घटना भी कोर्ट के संज्ञान में लाई गई। तमनार क्षेत्र में जेपीएल कोयला खदान के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान महिला आरक्षक पर हमला किया गया था। आरोप है कि भीड़ ने महिला आरक्षक की वर्दी फाड़ दी और उसे अर्धनग्न कर दिया। इस घटना ने पूरे प्रदेश में आक्रोश पैदा किया था। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की घटनाएं किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हैं। कोर्ट ने सवाल उठाया कि कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई क्यों नहीं की गई और आरोपी को इस तरह सार्वजनिक रूप से अपमानित करने की अनुमति किसने दी।डिवीजन बेंच ने शासन पक्ष से कहा कि इस मामले में सीधे महाधिवक्ता आकर सरकार का पक्ष रखें, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि पुलिस की यह कार्रवाई किस आदेश और नियम के तहत की गई।

## संक्षिप्त-समाचार

### चिल्फी चेक पोस्ट पर बसों की सघन जांच, 9 का चालान

कवर्धा,9 जनवरी। देश के विभिन्न राज्यों में हाल के महीनों में चलती बसों में आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन का परिवहन विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त के निर्देश पर चिल्फी परिवहन चेक पोस्ट पर बसों की सघन एवं व्यवस्थित जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व परिवहन चेक पोस्ट चिल्फी प्रभारी अतुल तिवारी एवं उनकी प्रवर्तन टीम ने किया। चिल्फी मार्ग से होकर गुजरने वाली यात्री बसों में अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी एग्जिट), सुरक्षा उपकरण एवं अन्य अनिवार्य मानकों की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 09 बसों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मोटर यान नियम 1994 की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

### गर्भवती महिला व्याख्याता को मारा, गालियां दी

**बलरामपुर 9 जनवरी ।** शिक्षा विभाग को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसकेपी में पदस्थ प्राचार्य मंगना राम पर विद्यालय की महिला व्याख्याता अनिमा लकड़ा के साथ गाली-गलौच और मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता महिला व्याख्याता ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर गणेशमोड़ पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना उस समय की है जब विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन कार्य संचालित हो रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर प्राचार्य मंगना राम और महिला व्याख्याता अनिमा लकड़ा के बीच विवाद हुआ, जो बाद में अभद्र भाषा और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि प्राचार्य ने स्कूल परिसर में ही महिला व्याख्याता के साथ दुर्व्यवहार किया।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को जान से मारने की धमकी

**कोलकाता,9 जनवरी।** बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को ईमेल से जान से मारने की धमकी मिली है, जिसके बाद उनकी सुरक्षा और बढ़ा दी गई है. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और गृह मंत्रालय को इस बारे में सूचना दी जा चुकी है. पुलिस और सीआरपीएफ को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है. लोक भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि ईमेल भेजने वाले ने राज्यपाल को 'उड़ा देने' की धमकी दी. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जान से मारने की धमकी मिली है. इसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

### स्कूल बस को ट्रेलर ने मारी टक्कर

**जांजगीर-चांपा,9 जनवरी।** चांपा में आज बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। हसदेव पब्लिक स्कूल की बच्चों से भरी बस को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। बस में करीब 50 से अधिक स्कूली बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई और सभी बच्चे सुरक्षित हैं। हालांकि, टक्कर के कारण कई बच्चों को हल्की चोटें आई हैं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## ट्रक में घुसी कार,पूर्व गृह मंत्री की बेटी समेत 3 की मौत

**इंदौर,9 जनवरी।** मध्य प्रदेश के इंदौर में तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के बाईपास पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार नेक्सन कार खड़े ट्रक में जा घुसी, जिसमें सवार चार युवाओं में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा रालामंडल के पास तेजाजी नगर बाईपास पर हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में तीन युवतियां और एक युवक सवार थे। हादसे में पूर्व गृह मंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के बेटे प्रखर कासलीवाल और मनसिंधु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, अनुष्का नामक युवती गंभीर रूप से घायल है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, सभी दोस्त प्रखर कासलीवाल का जन्मदिन मनाकर पार्टी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और संभवतः वाहन से नियंत्रण खोने के चलते कार पीछे से खड़े ट्रक में जा घुसी। सूचना मिलते ही तेजाजी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की खबर मिलते ही पूर्व गृह मंत्री बाला बच्चन और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल एमवाय अस्पताल पहुंचे। अस्पताल परिसर में शोक का माहौल रहा। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और परिचित भी अस्पताल पहुंचे। मृतकों के परिजन गहरे सदमे में हैं पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



## कांग्रेस नक्सलियों से रिश्ता निभाती रही : अरुण साव


**रायपुर,9 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब खात्मे की कगार पर है. सुरक्षा बलों ने नक्लियों की मांद में घुसकर कई बड़े माओवादी लीडरों को भी ढेर कर दिया है. साथ ही सरकार की पुनर्वास योजना से प्रभावित होकर माओवादी लगातार सरेंडर कर रहे हैं. नक्सल उन्मूलन में लगातार मिल रही सफलता का श्रेय लेने अब सरकार और विपक्ष में बयानबाजी तेज हो गई है. कांग्रेस का कहना है कि उनके बनाए गए रोडमैप पर बीजेपी काम कर रही है, जिसकी वजह से सफलता मिल रही है. विपक्ष के इस बयान पर अब डिप्टी सीएम अरुण साव ने जमकर पलटवार किया है. डिप्टी सीएम साव ने कहा कि प्रदेश में लगातार नक्सलियों का सरेंडर हो रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प का परिणाम है. राज्य सरकार इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और बस्तर क्षेत्र के लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के प्रयास तेज किए गए हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की सटीक रणनीति के चलते बड़े-बड़े नक्सली न्यूट्रलाइज किए जा रहे हैं और आने वाले कुछ दिनों में बस्तर नक्सल मुक्त होगा.

कांग्रेस द्वारा नक्सल उन्मूलन के रोडमैप को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए डीसीएम साव ने कहा कि कांग्रेस नक्सलियों से रिश्ता निभाती रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रोडमैप पूरी दुनिया के सामने है, जिसके नाम पर घोटाले किए गए, छत्तीसगढ़ के विकास को अवरुद्ध किया गया और नक्सलियों को खुली छूट दी गई. अब जब सफलता मिल रही है तो कांग्रेस श्रेय लेने सामने आ रही है और सुरक्षा बलों के कार्य पर सवाल खड़े कर रही है. कवर्धा में धान घोटाले से जुड़े "7 करोड़ का धान चूहे खा गए" मामले पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जांच का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेगा और किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिलने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही है. खेल मंत्री मनसुख मंडाविया इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने कहा कि ट्राइबल गेम्स की मेजबानी राज्य के लिए सौभाग्य का विषय है, जिससे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को सीधा लाभ मिलेगा.



## 1962 की हार के लिए नेहरू जिम्मेदार: थरूर

**नई दिल्ली,9 जनवरी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के एक ताजा बयान ने सियासी रूप से नई हलचल मचा दी है। पिछले कुछ समय से कांग्रेस के आधिकारिक रुख के विपरीत रुख अख्तियार कर रहे शशि थरूर ने कहा है कि वह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु के प्रशसंक हैं लेकिन उनकी सभी बातों का समर्थन करना संभव नहीं है। केरल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शशि थरूर ने देश की राजनीति में इतिहास को लेकर जारी घमासान के बीच सत्तारुढ़ भाजपा की रणनीति पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के प्रशंसक हैं, लेकिन अंधभक्त नहीं हैं। शशि थरूर ने कहा कि नेहरु के योगदान को नकारा नहीं जा सकता, पर यह भी सच है कि उनके हर विचार और हर निर्णय का समर्थन करना न तो जरूरी है और न ही बौद्धिक रूप से यह ईमानदारी होगा।थरूर ने कहा कि नेहरु ने आजाद भारत की लोकतांत्रिक नींव रखी, संस्थानों को आकार दिया और भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाई। इसके बावजूद उनके कुछ निर्णय ऐसे रहे जिन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 1962 के चीन युद्ध से जुड़े कुछ फैसलों पर नेहरु की जिम्मेदारी बनती है, लेकिन यह कहना कि देश की आज की हर समस्या की जड़ नेहरु ही हैं, इतिहास के साथ अन्याय है।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वह नेहरु को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना चुकी है। हर नाकामी, हर विफलता और हर असहज सवाल से बचने के लिए भाजपा बार बार नेहरु का नाम उछालती है। थरूर ने कहा कि यह रवैया न तो राष्ट्र निर्माण में मदद करता है और न ही जनता को सच्चाई से रूबरू कराता है। हम आपको बता दें कि केरल में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान दिए गए इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में बहस तेज हो गई है।



### लालू परिवार की राहत की उम्मीदों पर पानी फिरा

**नई दिल्ली,9 जनवरी।** पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव को 'लैंड फॉर जॉब स्कैम' में बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को लालू यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश सुनाया। मामला रेल मंत्रालय में चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों के बदले जमीन लेने से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला व्यापक साजिश का संकेत देता है। अदालत के मुताबिक लालू यादव और उनके परिवार की ओर से योजनाबद्ध तरीके से नौकरी के बदले जमीन हासिल की गई, जिसमें करीबी सहयोगियों ने सह-साजिशकर्ता की भूमिका निभाई। अदालत ने लालू यादव और परिवार की ओर से दायर डिस्चार्ज (बरी) की मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री से यह संकेत मिलते हैं कि आरोपी सरकारी पद के दुरुपयोग के जरिए आपराधिक उद्यम की तरह काम कर रहे थे।

स्पेशल कोर्ट ने कहा कि इस प्रकरण में संवैधानिक अधिकारों और विवेकाधिकार का दुरुपयोग हुआ है।

## शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला में 8 प्रधानपाठक बर्खास्त

**धमतरी,9 जनवरी।** साल 2007 में हुए शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 प्रधान पाठकों को बर्खास्त कर दिया है. ये सभी फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी हासिल कर वर्षों से शिक्षा विभाग में पदस्थ थे. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में जांच अभी जारी है और करीब 10 अन्य लोग भी जांच के दायरे में हैं, जिन पर जल्द कार्रवाई की जा सकती है. जानकारी के अनुसार, धमतरी जिले के मगरलोड क्षेत्र में वर्ष 2007 में हुई शिक्षाकर्मी भर्ती प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई थीं. जांच में पाया गया कि कई अभ्यर्थियों ने फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी प्राप्त की और करीब 19 वर्षों तक शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए पदोन्नत होकर प्रधान पाठक के पद तक पहुंच गए. इस दौरान वे नियमित रूप से सरकारी वेतन भी लेते रहे. यह घोटाला आरटीआई के माध्यम से उजागर हुआ था, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हुई. हालांकि, जांच और एफआईआर की प्रक्रिया में करीब एक दशक का समय लग गया. अब लगभग 19 साल बाद इस प्रकरण में बड़ी बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है. प्रशासन ने आज आठ प्रधान पाठकों को सेवा से बर्खास्त किया है, जबकि 10 अन्य के खिलाफ जांच अंतिम चरण में बताई जा रही है. सूत्रों के मुताबिक, वर्ष 2007 की शिक्षाकर्मी भर्ती के दौरान गठित चयन समितियों में जनपद अध्यक्ष, शिक्षक समिति के सदस्य, प्रधान पाठक और कुछ जनप्रतिनिधि भी शामिल थे. आरोप है कि इन सभी ने मिलकर एक संगठित सिंडिकेट के रूप में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भर्ती की और प्रक्रिया के दौरान अवैध वसूली भी की गई.

गौरतलब है कि इस घोटाले में पूर्व में भी कई शिक्षाकर्मियों को बर्खास्त किया जा चुका है. अब एक बार फिर की गई इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में फर्जी शिक्षकों और प्रधान पाठकों में हड़कंप मच गया है. प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जांच पूरी होने के बाद और भी नाम सामने आ सकते हैं.

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला: बृजमोहन

**नई दिल्ली, 9 जनवरी।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है।" यह विचार रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने नई दिल्ली स्थित लोकसभा सचिवालय में आयोजित इस्टीमेट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक किफायती, सुलभ, समावेशी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आवश्यक बजटीय प्रावधानों और नीतिगत सुधारों पर गहन चर्चा करना रहा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें स्कूल शिक्षा की वर्तमान स्थिति, बजट के प्रभावी उपयोग, योजनाओं की प्रगति तथा भावी रोडमैप पर प्रकाश डाला गया। बैठक में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की भूमिका, उसकी कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रम की गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल शिक्षा तथा मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उपायों पर विशेष फोकस किया गया। साथ ही ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण और तकनीक आधारित शिक्षण को प्रोत्साहित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ सहित देशभर में शिक्षा क्षेत्र में संसाधनों के पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग, समान शैक्षिक अवसरों की उपलब्धता, गुणवत्ता सुधार, तथा छात्र-केंद्रित नीतियों को प्राथमिकता देने से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव रखे। उन्होंने शिक्षक क्षमता निर्माण, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं और डिजिटल संसाधनों के संतुलित विस्तार पर भी जोर दिया।सांसद अग्रवाल ने कहा कि "शिक्षा में किया गया निवेश ही देश के सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक भविष्य को सुरक्षित करता है।



## छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल की बैठक पर रोक

### चुनाव में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए कमेटी गठित

**रायपुर,9 जनवरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल की सामान्य सभा की बैठक पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन मनन मिश्रा ने रोक लगा दी है। बीसीआई की ओर से जारी पत्र में स्टेट बार काउंसिल के हालिया चुनाव में भ्रष्ट आचरण और धांधली के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की जांच के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं की एक कमेटी गठित की गई है, जो 10 दिनों के भीतर जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट बीसीआई चेयरमैन को सौंपेगी।छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल का चुनाव शुरुआत से ही विवादों में रहा है। चुनाव के दौरान मतपत्रों से छेड़छाड़ (टेंपरिंग) के आरोप सामने आए थे, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा था। अब चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी बीसीआई के समक्ष एक बार फिर शिकायतें पहुंची हैं, जिनमें मतदाता अधिवक्ताओं को प्रलोभन देने और भ्रष्ट तरीके अपनाने के आरोप लगाए गए हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सामान्य सभा की बैठक को स्थगित कर दिया गया है। बीसीआई चेयरमैन मनन मिश्रा ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जो अधिवक्ता सक्रिय रूप से वकालत नहीं कर रहे हैं, उन्हें बार काउंसिल के किसी भी पद पर नहीं रखा जाना चाहिए। यह निर्देश अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है। स्टेट बार काउंसिल के सचिव अमित कुमार वर्मा ने भी बीसीआई के आदेश का हवाला देते हुए निर्वाचित सदस्यों को पत्र लिखकर बैठक स्थगित किए जाने की जानकारी दी है।

### छात्रावास की तीसरी मंजिल से गिरे आदिवासी छात्र की मौत

**दंतेवाड़ा,9 जनवरी।** भैरमगढ़ स्थित डीएवी हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर आदिवासी छात्र की मौत हो गई. नेलसनार गांव के कोमल कड़ियम, जो कक्षा 11 में पढ़ाई कर रहा था. गुरुवार रात करीब 8:30 बजे हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे प्राथमिक उपचार के लिए भैरमगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### विकसित भारत जी राम जी से मिलेगा और अधिक रोजगार !

# रोजगार सह आवास दिवस पर ग्रामीणों को क्यू आर कोड स्कैन करना सिखाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 जनवरी।** महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जवाबदेही एवं पारदर्शिता के लिए लगातार नए-नए प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में विगत तीन वर्षों में हुए निर्माण कार्यों की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए रोजगार सह आवास दिवस आयोजन के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन करना सिखाया गया। ग्रामीणों को बताया गया की गांव के प्रमुख स्थानों पर लगे क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करते ही महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए कार्यों की पूरी जानकारी मोबाइल पर ही




प्राप्त हो जाएगी। इसके लिए किसी भी कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को योजना में होने वाले निर्माण कार्य के संबंध में भी बताया गया। आजीविका डबरी निर्माण पर बताया गया कि इसके निर्माण से ग्रामीणों को एक ओर जहां रोजगार मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर डबरी में मछली पालन से आजीविका संवर्धन होगा। डबरी के आसपास नमी से सब्जियों का उत्पादन कर इसके बिक्रि से आमदनी के नये स्त्रोत उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। आजीविका डबरी में हितग्राहियों को मत्स्य पालन विभाग एवं उद्यानकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को सहायता प्रदान करते हुए तकनिकी रूप से प्रशिक्षित करने की जानकारी दी गई।इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया की प्रत्येक महीने के 7 तारीख को रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन किया जाना है, जिसमें ग्रामीणों को योजना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है। योजना से सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों, कूप निर्माण,डबरी निर्माण पशुपालन हेतु शेड निर्माण, वृक्षारोपण जैसे अनेक कार्यों के द्वारा आजीविका संवर्धन की गतिविधियों पर ग्रामीणों का ज्ञानवर्धन किया जाता है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि रोजगार सह आवास दिवस पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत हुए आवास के हितग्राहियों के नामों का वाचन कर जानकारी दी गई। ग्रामीणों को 125 दिनों का रोजगार, समय पर मजदूरी भुगतान,मांग आधारित रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन सहित अनेक जन कल्याणकारी प्रावधानों के साथ बने नए कानून विकसीत भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी की जानकारी रोजगार सह आवास दिवस पर दी गई। महात्मा गांधी नरेगा में होने वाले बदलाव के विषय में बताया गया। नय कानून से ग्रामीणो, श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों सहित कमजोर समूह को होने वाले व्यापक लाभ की जानकारी दी गई।

## समाचार संक्षेप


### औसर में क्रियेटिविटी मेला आयोजित



**उतई, 9 जनवरी (तछसं.)।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत औंसर में वर्ल्ड ऑफ डिज़ाइन एवं थिएटर क्रिएटिविटी मेला का सफल आयोजन किया गया। इस रचनात्मक मेले में आसपास के विभिन्न गांवों से चयनित 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, संचार, सहयोग, समस्या समाधान,प्रतिभा को विकसित करना था। मेले के दौरान बच्चों ने डिज़ाइन व थिएटर से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत औंसर की सरपंच प्रियलता महिपाल रहीं। साथ ही हेल्थ केयर सेंटर हेड कोमल साहू, क्रिएटिविटी क्लब कोऑर्डिनेटर सूर्यकांत देशमुख, अश्वनी सेन एवं यशवंत साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रेखराम बंछोर बने भाजपा किसान मोर्चा के रायपुर संभाग प्रभारी

**भिलाई, 9 जनवरी।** जामुल के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद रेखराम बंछोर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का रायपुर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की सहमति से प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मारकण्डे द्वारा की गई है। रेखराम बंछोर की इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव और किसानों से जुड़े कार्यों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके नेतृत्व में रायपुर संभाग में किसान मोर्चा की गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



### विधायक देवेन्द्र करेंगे 12 जनवरी से वार्डों का दौरा व 25 जनवरी को पैदल मार्च

**भिलाई, 9 जनवरी।** सेल-बीएसपी प्रबंधन की निजीकरण नीति के विरोध में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने भिलाई बिकने नहीं देने जनजागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि टाउनशिप से जुड़े मुद्दों, रिटेंशन स्कीम और दुकानों के लीज नवीनीकरण पर प्रबंधन द्वारा अब तक निर्णय नहीं लिया गया है। विधायक देवेंद्र यादव 12 जनवरी से वार्डों का दौरा कर नागरिकों व आवास धारियों से विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद 25 जनवरी को इस्पात भवन तक पैदल मार्च किया जाएगा। विधायक ने कहा कि भिलाई की जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेंगे।



### गौठान में गौ-सेवा एवं स्थल निरीक्षण करने अधिकारियों का डयूटी आदेश जारी

**भिलाई, 9 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कोसा नगर गौठान में गौ-सेवा एवं स्थल के प्रतिदिवस निरीक्षण हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाये हैं। जोन-1 आयुक्त अजय राजपूत (सोमवार), कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल (मंगलवार), सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू (बुधवार), उप अभियंता रीमा हुमाने (गुरुवार), उप अभियंता बसंत साहू (शुक्रवार), नोडल अधिकारी विनय शर्मा (शनिवार) एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली (रविवार) को स्थल निरीक्षण करेगें। जोन-4 खुर्सीपार के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे किसी भी दिवस आकस्मिक निरीक्षण कर सकेगें। संबंधित अधिकारी निर्धारित दिवस के दिन गौ-सेवा स्थल पर व्यवस्था की जानकारी एवं निरीक्षण का जियो टैग लोकेशन व्हाटसअप ग्रुप में शेयर करेगें। अधिकारी संधारित रजिस्टर में आवश्यक सुधार हेतु टीप भी अंकित करेगें।

## एक नजर

### पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ा



**भिलाई,9 जनवरी (तछसं.)।** पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने सशक्त एप की मदद से एक बाइक चोर को पकड़ा है आरोपी नूतन चौक भिलाई तीन निवासी ( 35 साल ) गजेन्द्र पटेल ने मड़ई घूमने की शौक पूरी करने बाइक चोरी की थी धारा 303 (2) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिमांड पर जेल भेजा गया है जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वे अपनी बाइक सीजी 07 बीवाय 9227 ग्लैमर अपने मकान के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था वापस आकर देखा तो बाइक नहीं था पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करते हुए मोटर साइकिल का पता तलाश किया जा रहा था सशक्त अप के माध्यम से सूचना मिला की गजेन्द्र पटेल निवासी भिलाई-3 को उक्त चोरी की मोटर साइकिल से गांव में मड़ई मेला में घुमते देखा गया है आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार किया पुलिस ने बाइक को भिलाई-3 रेलवे स्टेशन के पार्किंग से बगमट किया ।

### काम्बिंग गश्त के दौरान 64 पकड़ाए



**भिलाई,9 जनवरी (तछसं.)।** जिले में अपराध पर नियंत्रण के लिए दुर्ग पुलिस ने बड़ी संख्या में बल के साथ रात्रिकालीन काम्बिंग गश्त की यह कार्रवाई 7 जनवरी की रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक शहरी क्षेत्र के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में की गई यह काम्बिंग गश्त राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी और थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में की गई काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 24 स्थायी वारंट और 40 गिरफ्तारी वारंट की तामीली करते हुए कुल 64 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। स्थायी वारंटों में दुर्ग और सुपेला से 5-5, जामुल से 4, मोहन नगर और भिलाई नगर से 3-3, जबकि भिलाई भट्ठी, नेवई, वैशाली नगर और कुम्हारी से एक-एक वारंट की तामीली की गई। इसी तरह गिरफ्तारी वारंटों में सुपेला से 6, पद्मनाभपुर और नेवई से 4-4, दुर्ग, पुलगांव, भिलाई नगर, स्मृतिनगर, खुर्सीपार और कुम्हारी से 3-3, मोहन नगर, भिलाई भट्ठी, वैशाली नगर और पुरानी भिलाई से 2-2 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गश्त के दौरान 102 गुण्डा बदमाशों और 39 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई। पुलिस ने उन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। इसके अलावा रात में अनावश्यक घूम रहे 60 संदिग्धों से पूछताछ कर उनकी पहचान दर्ज की गई और समझाइश दी गई ।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

**भिलाई,9 जनवरी (तछसं.)।** छावनी थाना क्षेत्र के शराब पीने के लिए 500 रुपए नहीं देने पर आरोपी ने एक युवक पर नुकीली धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 109 (1), 115 (2), 296, 351 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि जसविंदर सिंह (32 साल) निवासी प्रगतिनगर न्यू बसंत टाकिज के पीछे, कैम्प 1 छावनी में रहता है। ड्राइवरी का काम करता है। 7 जनवरी की शाम 5 बजे घर से खाना खाकर घर के समीप स्थित रंग महल चौक प्रगति नगर कैम्प - 1 पहुंचा था। तभी समीर अंसारी आया और शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगे जसविंदर के रुपए देने से मना करने पर आक्रोशित हो गया अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा जसविंदर के विरोध करने समीर अंसारी मारपीट कर ने लगा। अपने पास रखे किसी नुकीले हथियार से जसविंदर के बाए पैर के घुटने के ऊपर मार दिया इससे प्रार्थी को चोट आई है।

### उतई वार्ड 14 व 15 में फैला पीलिया अनेक परिवार हैं प्रभावित

# पीलिया पीड़ित परिवारों से मिले उतई नपं के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी व नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,9 जनवरी।** नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक 14 और, 15 में फैला रहे पीलिया, विगत 15 दिवस से नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक 14 ,15 में गंदे पानी पीने से अनेक परिवारों में फैला पीलिया लगभग 6परिवारों के 20 मरीज के घर निरीक्षण किया गया, पता चला कि नालियों में भरे गंदे पानी की वजह से घर के हैंड पंप सार्वजनिक हैंड पंप से पीने वाले पानी में बदबूदार पानी आना अचानक शुरू हो गया वार्ड के एक दो परिवार को पहले ऐसा लगा कि हमारे घर में ही पानी खराब होने की वजह से हमारे परिवार में ही पीलिया हुआ है लेकिन धीरे-धीरे पूरे मोहल्ले में गंदे पानी की वजह से पीलिया फैल गया

वार्ड पार्षद के कई बार गुहार लगाने के बाद भी ब्लीचिंग पाउडर तक का छिड़काव नहीं किया गया नालियों मेंनिरीक्षण के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू के साथ सभी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा तोषण साहू वीरेंद्र गोस्वामी भावेश साहू टीकम डोडे धनंजय नेताम योगेश मंडले गुलशन शर्मा के साथ पीलिया पीड़ित परिवारों से अपील की गई पानी गर्म करके व उबालकर ही पिए, स्वच्छता पर भी ध्यान दें साथ ही साथ नगर पंचायत सी एम ओ से फोन में संपर्क करने पर उन्होंने कहा की कार्रवाई की जा रही है लेकिन यथास्थिति में उनकी



कार्यवाही संतुष्टिप्रद नही दिख रही है

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार और नगर पंचायत अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था 6 महीने में पेयजल व्यवस्था सुधार कर दिया जाएगा करके सत्ता में आई है साल बीतने को है फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ है हम नगर पंचायत उतई के अधिकारी और अध्यक्ष को कहना चाहते है कि सभी लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान देते हुए नगर पंचायत के वार्डों में घरों से निकलने वाले गंदे पानी के लिए नाली बने जिस पर पेयजल की पाइपलाइन बिछी हुई है उसको तत्काल वहां से निकले अन्यथा गंभीर बीमारी का रूप ले लेगी और साफ पेयजल की व्यवस्था की जाए व स्वास्थ्य विभाग को भी सूचित की जाए ताकि और पीलिया अपना बृहद रूप ना ले, और ये पीलिया का प्रकोप अन्य वार्ड में न फैले। आगे कहा कि नगर पंचायत उतई के अधिकारी को वार्डवासियों का इलाज पर विशेष रूप से डॉक्टर के विशेष विभाग के टीम की निगरानी में ही इलाज करवाये अन्यथा किसी भी अपरिहार्य घटना होती है तो इसकी जवाबदारी नगर प्रशासन व अस्पताल प्रबंधन की होगी।

निरीक्षण के दौरान पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी नेता प्रतिपक्ष पार्षद द्वारीका साहू पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा तोषण साहू वीरेंद्र गोस्वामी तोषण साहू कांग्रेस पार्टी के साथी गण भावेश साहू टीकम डोडे योगेश माडले धनंजय नेताम रोशन साहू गुलशन शर्मा प्रेम नारायण साहू आदि उपस्थित थे।

## विधायक भावना के मार्गदर्शन में गुणवत्तायुक्त विकास हो रहा है पंडरिया क्षेत्र में :गोस्वामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 जनवरी।** पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने पंडरिया विधानसभा में विकास पर बताया की पंडरिया विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के गाँव-गाँव तक पक्की सड़कों का निर्माण सुनिश्चित हो रहा है। मंगलवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने 8 करोड़ 38 लाख 8 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मेनरोड से उदका तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन हुआ है ।जिससे पंडरिया विधानसभा में किसानों , युवाओं , माताओ , बहनों और ग्रामीणों में भारी खुशी है ।



यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित मांग थी, जो अब साकार हो रही है। इस सड़क के निर्माण से ग्राम मोहतरा, सारुपारा, झिरियाकला, झिरियाखुर्द, बुचीपारा, नवागांव टिकैत एवं उदका सहित आस-पास के विभिन्न गाँव में निवासरत परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। अब ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार से जुड़ी सुविधाओं तक पहुंच और अधिक सुगम होगी। विशेष रूप से किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में समय और लागत दोनों की बचत होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों में उत्साह है । पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क उनके दैनिक जीवन को आसान बनाएगी और क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास ही सशक्त प्रदेश की नींव होता है। बेहतर सड़कें न केवल आवागमन का साधन होती हैं, बल्कि वे गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य भी करती हैं। यह परियोजना न केवल एक सड़क निर्माण है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता, सुविधा और विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो पंडरिया विधानसभा को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगा। पंडरिया विधानसभा में 400 करोड़ से अधिक के सड़क, सिंचाई परियोजना, अधोसंरचना निर्माण, पुल-पुलिया, सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है।

## नगर निगम के कुर्की दल ने बकाया कर 9.13 लाख रुपये वसूल किया



**भिलाई, 9 जनवरी।** नगर निगम भिलाई ने अपनी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल के माध्यम से बृहस्पतिवार को जोन-2 वैशाली नगर एवं जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के बकायादारों से राशि 9.13 लाख रूपये वसूल किये हैं। आयुक्त ने निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार करने लगातार वसूली एजेंसी को पत्र जारी कर स्थिति सुधारने निर्देशित किये थे। साथा ही शहर के बड़े बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल का गठन किया गया है। कुर्की दल बड़े बकायादारों के स्थल पर पहुंच कर संपत्ति को सील करने की कार्यवाही कर रहे हैं, किन्तु कुर्की दल के मौके पर पहुंचते ही भवन अथवा भूमि स्वामी द्वारा संपत्तिकर राशि का भुगतान किया जा रहा है। कुर्की वसूली दल ने गुरूवार को राशि 9,13,879.00 रूपये की वसूली किया है। नगर निगम भिलाई ने नागरिकों से अपील किया है कि निगम के लंबित करों का भुगतान वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व करके अधिभार से बचें और राशि का भुगतान कर शहर के विकास में सहयोग करें। कुर्की दल में सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, सुनील जोशी, बेदखली नोडल विनय शर्मा, सहायक नोडल हरिओम गुप्ता, संजीव तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, समीर अहमद, मंगल, सतनाम, ईश्वर चन्द्र, पी मधुसुदर आदि उपस्थित रहे।

## बैठक में बीआईएमएस प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंधन के सामने अपनी मांगें रखीं

**भिलाई, 9 जनवरी।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीआईएमएस) के प्रतिनिधिमंडल की नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों के हित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें प्रबंधन के समक्ष रखीं।

यूनियन ने सभी कर्मचारियों के लिए दो आवास आवंटन का नियम लागू करने की मांग की। साथ ही जिन कर्मचारियों को दो आवास आवंटित हैं और जिन्हें प्रबंधन द्वारा कार्रवाई पत्र दिया जा रहा है, उनके संबंध में दो आवास सुविधा को नियमित रूप से लागू करने का आग्रह किया गया। यूनियन ने तर्क दिया कि अतिरिक्त आवंटित आवास में कर्मचारी के माता-पिता अथवा परिवार निवास करते हैं तथा उस आवास का बिजली एवं पैनल रेंट कर्मचारी के वेतन



से कटता है, जिससे संयंत्र को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होता है और आवास सुरक्षित भी रहता है। कर्मचारियों की संख्या घटने के कारण टाउनशिप में आवासों की संख्या अधिक हो गई है। इसके अलावा यूनियन ने टाउनशिप के पुराने आवासों में टाइल्स लगाने, बैकलेन सफाई, तथा भवनों के बाहर लगे इलेक्ट्रिकल बोर्डों की मरम्मत की मांग रखी। पूर्व कर्मचारियों द्वारा लीज पर लिए गए आवासों के रखरखाव को लीज शर्तों के अनुसार सुनिश्चित करने का मुद्दा भी उठाया गया। यूनियन ने यह भी मांग की कि टाउनशिप में संचालित शैक्षणिक संस्थानों में बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को प्राथमिकता देते हुए निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही टाउनशिप में 25 कमरों वाला सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन बनाए जाने की मांग रखी गई, जिससे विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सके। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने कर्मचारियों की आवासीय सुविधाओं में सुधार के लिए सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि टाउनशिप को स्वच्छ एवं अवैध कब्जा मुक्त करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे निवासियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से महाप्रबंधक ए.बी. श्रीनिवास, अतुल नौटियाल, उप महाप्रबंधक राघवेन्द्र गर्ग, डी.सी. सिंह, बी.एल. मीना, सहायक महाप्रबंधक विवेक गुप्ता, सरोज झा, मिथिलेश मिश्रा, उप प्रबंधक विनोद राजपूत तथा यूनियन की ओर से पूर्व अध्यक्ष आई.पी. मिश्रा, उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा और हरिशंकर चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## देमार में राजिम जयंती महोत्सव का आयोजन कर सामाजिक एकता का दिया संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,9 जनवरी।** तैलिक समाज की कुल गौरव एवं भक्त शिरोमणि माता राजिम की पावन स्मृति में परिक्षेत्रीय स्तरीय विशाल राजिम जयंती महोत्सव एवं सामाजिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शुरुआत कलश यात्रा से हुई जिसमें समाज की महिलाओं एवं युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात विधिवत पूजा अर्चना माता राजिम के तेलचित्र पर माल्यार्पणए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। राजिम जयंती महोत्सव के प्रथम सत्र में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि जितेंद्र साहूए अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छत्तीसगढ़ तथा अतिविशिष्ट अतिथि चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद महासमुंद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश साहूए पूर्व अध्यक्ष तहसील संघ पाटन ने की। विशिष्ट अतिथियों में लालेश्वर साहू, श्रीमती दिव्या कालिहारी पूर्व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्गद्धए किशन हिरवानी अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा, हरिराम साहू स्थानीय साहू समाज देमार, लोकमणि चंद्राकर सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्यजन मंचासीन रहे। इस अवसर पर समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों में खेमलाल साहूए चैन सिंह साहूए पूजाराम साहूए नंदकुमार साहू, श्रीमती कमलेश्वरी साहू, अश्विनी साहू, संतोष साहू, श्रीमती ललिता साहू, अर्जुन साहूए गणेश साहू, सरिता साहू, विनोद साहू, ओमप्रकाश साहू, शशिभूषण साहू, रवि साहूए बालाराम साहूए नरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने माता राजिम के त्याग, भक्ति एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित रहकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्थान के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और नई पीढ़ी को प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### ठगी के मामले में आरोपी पर अपराध दर्ज

**भिलाई,9 जनवरी।** भिलाई ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि न्यू आदर्श नगर निवासी प्रार्थी नितिन चतुर्वेदी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर आरोपी ने उसे झांसे में लिया और लगभग 15 लाख रुपए की ठगी कर ली है। प्रार्थी की शिकायत पर संबंधित ट्रेडिंग कंपनी के खिलाफ पुलिस मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# खुर्सीपार क्षेत्र में विकास कार्यों एवं समस्याओं के निदान के लिए आयुक्त ने किया दौरा

**भिलाई, 9 जनवरी।** खुर्सीपार क्षेत्र में विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं के जायजे के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान एस.एल.आर.एम. सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, नवीन डामरीकरण सड़क, इंडोर स्टेडियम, क्रिकेट स्टेडियम तथा सीवरेज लाइन के संधारण कार्यों का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने खुर्सीपार मिनी स्टेडियम के पीछे बने एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं सार्वजनिक शौचालय का



अवलोकन किया। उन्होंने एस.एल.आर.एम. सेंटर को शीघ्र प्रारंभ करने तथा शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीपस्थ कॉलोनी वासियों की मांग पर सुगम यातायात हेतु नवीन डामरीकरण सड़क का निर्माण कराया गया, जिसका निरीक्षण भी आयुक्त द्वारा किया गया। खुर्सीपार स्थित पूर्व निर्मित इंडोर स्टेडियम में चल रहे संधारण एवं साफ-सफाई कार्यों का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने इसके बेहतर संचालन एवं रखरखाव के लिए इच्छुक एजेंसी की नियुक्ति के निर्देश जोन अधिकारियों को दिए। आयुक्त एवं पार्षद विनोद सिंह ने श्रीराम चौक के समीप बने क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और स्टेडियम को शीघ्र व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खुर्सीपार क्षेत्र में चल रहे सीवरेज लाइन संधारण कार्य का भी निरीक्षण कर कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भोथली मंडई मेला का आयोजन 16 जनवरी को

**डोंगरगढ़ 9 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्रांगत ग्राम भोथली में प्रति वर्ष अनुसार नवीन वर्ष 2026 के 16 जनवरी दिन शुक्रवार को मंडई का आयोजन किया गया है। वहीं दूसरे दिन 17 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दिन में रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध नाचा खोड़वा भर्रीटोला चारामा उत्तर बस्तर के मंझे हुए कलाकारों के द्वारा ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख बिसाई राम चन्द्रवंशी, ग्राम सचिव बाळराम देवांगन सरपंच प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा उपसरपंच मिथलेश देवांगन के द्वारा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो मेला मंडई सहित मनोरंजक नाचा कार्यक्रम का आनंद लेने अपील की गई है।

### 10 जनवरी को आदेश्वर पब्लिक स्कूल चिखलपुटी में आधार शिविर

**कोंडागांव 9 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पोस्ट ऑफिस कोंडागांव के द्वारा आदेश्वर पुब्लिक स्कूल कोंडागांव चिखलपुटी में दिनांक 10/01/2026 शनिवार को आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जाना है एवं साथ ही साथ नए आधार कार्ड बनाये जाएंगे यह शिविर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के आदेश के तहत उप-संभागीय निरीक्षक डाक श्री आर. एस.मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव श्री शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में सम्पन किया जाना है।

### पीएम -अजय योजना अंतर्गत जिले को 852 हितग्राहियों का लक्ष्य

**बलौदाबाजार, 9 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम-अजय) योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति को कुल 852 हितग्राहियो का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त लक्ष्यों को अग्रणी बैंक अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक गार्डन चौक बलौदाबाजार की सहमति से विभाजित क प्रेषित किया गया है।बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50 प्रतिशत जो भी कम हो अनुदान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बलौदाबाजार को 274, विकासखंड भाटापारा को 210, विकासखंड कसडोल को 84, विकासखंड पलारी को 122 एवं विकासखंड सिमगा को 162 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

### थलसेना भर्ती के लिए ठहरने की व्यवस्था करने नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार, 9 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब जिला-धमतरी (छ.ग.) में शारीरिक दक्षता एवं अन्य प्रकिया का आयोजन किया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे आवेदक जिन्होने मई-जून 2025 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है वे आवेदक इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। जिले के आवेदको के लिए 15 जनवरी, 20 जनवरी एवं 21 जनवरी 2026 को आयोजित की जा रही है।

### पोको एम8 5जी भारत में लॉन्च, कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले और 5,520 मेगाहार्स बैटरी के साथ

**रायपुर, 9 जनवरी।** पोको ने भारत में अपना नया स्मार्टफोन पोको M8 5G लॉन्च कर दिया है। यह फोन कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले, मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरैबिलिटी और 5,520mAh की ईवी-ग्रेड बैटरी के साथ आता है। कंपनी के मुताबिक, शुरुआती 12 घंटे के लिए 1000 का लॉन्च बेनिफिट भी दिया जा रहा है। पोको M8 5G में 6.77 इंच का फ्लोAMOLED डिस्प्ले है, जो 120Hz रिफ्रेश रेट और 3200 निट्स ब्राइटनेस सपोर्ट करता है। स्लिम और हल्के डिजाइन वाला यह फोन स्ट्रीमिंग, गेमिंग और रोजमर्रा के इस्तेमाल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। शाओमी इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर संदीप सिंह अरोड़ा ने कहा कि पोको M8 5G किफायती कीमत पर प्रीमियम फीचर्स देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह स्मार्टफोन बिना समझौते के डिजाइन, परफॉर्मेंस और बैटरी बैलेंस ऑफर करता है।

# थाना सिमगा में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा 9 जनवरी।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान सिमगा आज थाना सिमगा में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के 36 वें सप्तः में जन जागरूकता अभियान का आयोजन यातायात पुलिस सिमगा थाना पुलिस द्वारा आयोजित की गई इस कार्यक्रम के संचालन डॉ दिनेश उपाध्याय ने किया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेम सागर सिदार ने जानकारी दी की ये कार्यक्रम सन 1989 से सुरु की गई आज इसे हर साल के पहले महीने जनवरी में मनाया जाता हैं जिसमे लोगों को जानकारी दे कर जागरूक करने की कोसिस की जाती हैं जिससे लोगों को किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना में अपने या अपने परिजनों से आहत ना होना पड़े वंही पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा मंच में संबोधन करते हुए विद्यार्थी वह आम जनों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताते हुए सचेत किया कि बगैर हेलमेट की बाइक ना चलाएं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट जरूर लगाए व शराब पीकर वाहन न चलाए और ऐसी कोई भी नशा न करे जिससे दुर्घटना की सम्भवना बने या बढ़ जाये इस कार्यक्रम में सिमगा थाने दार लेखेश कंवट भी उपस्थित थे 36 वें सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में विद्यार्थी टीचर जनता पार्षद अयूब खान पार्सल विष्णु जायसवाल चंद्रप्रकाश तोंडे जनपद पंचायत अनूप तिवारी विकास सोनकर देबू देवांगन पत्रकार सोनू भोंसले पत्रकार पिंटू चतुर्वेदी पत्रकार राजा तिवारी पत्रकार रिंकू भाटिया पत्रकार ओम प्रकाश शर्मा पत्रकार देवेंद्र जैन गीता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी व टीचर और प्रिंसिपल सौरभ दुबे उपस्थित थे अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय भावना गुप्ता ने सड़क सुरक्षा शपथ सभी को दिलाई सड़क पर चलते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करना दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना वह चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फेन का उपयोग नहीं करना वाहन तेज रफ्तार से ना चलाना वह गलत दिशा में बिल्कुल ना चलाना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने की शपथ दिलाई इस कार्यक्रम के बाद पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर जन प्रतिनिधियों पत्रकार भाइयों विद्यार्थियों टीचर वह आम जनता के साथ पूरी नगर में पैदल मार्च करते हुए जन जागरूकता के लिए एक रैली निकाली जिसमें सभी के हाथों में बैनर पोस्टर थे जिसमें सड़क सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारियां थी अंत में जानकारी मिली कि 16 व 17 जनवरी को लर्निंग लाइसेंस के लिए सिमगा में केम्प आयोजित होगी

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ करें अधिकारी : कलेक्टर

- ■ कोर्ट, ई -डिस्ट्रिक्ट एवं भू -अर्जन के प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश
- ■ कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक




**बलौदाबाजार, 9 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एजेंडावार विस्तृत समीक्षा करते हुए नियमित कोर्ट लेने, ई -डिस्ट्रिक्ट, स्वामितत्व योजना एवं भू -अर्जन के प्रकरणों में प्रगति लाने के. निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि राजस्व विभाग जिला प्रशासन की रीढ़ है और रीढ़ का मजबूत होना जरुरी है। राजस्व प्रकरण में परिवार के लोग जुड़े होते है इसलिये संवेदनशीलता एवं समयबद्ध ढंग से निराकरण सुनिश्चित करें और लोगों को राहत दें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि मैदानी अमलों सहित किसी भी स्तर पर लापरवाही व अनैतिक कार्य बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रीडर न्यायालयीन प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन करें।उन्होंने भू -अर्जन के मामले में भू -अर्जन के पश्चात सम्बंधितों को मुआवाजा राशि का वितरण कैम्प लगाकर समय पर करने तथा शीघ्र रिकार्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिये। शासकीय एवं निजी जमीन पर अवैध अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदारों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने पटवारियों से प्रतिवेदन लें तथा निजी भूमि के सम्बन्ध में आवेदन लेकर सख्ती से कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने वन ग्राम से राजस्व ग्राम की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि तहसील कसडोल एवं सोनाखान अंतर्गत आने वाले ग्रामो में सभी आवश्यक कार्यवाही तेजी से करें। अब तक 25 गावों का द्वितीय सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो गया है। अंतिम प्रकशन पश्चात् भुईयां सॉफ्टवेयर में अपलोड कराएं। स्वामित्व योजना अंतर्गत आगामी 26 जनवरी को 10 हजार अधिकार अभिलेख तैयार करने के निर्देश दिये।बैठक में अविवादित एवं विवादित नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन, 1 से 5 वर्ष तक लंबित राजस्व प्रकरण, राजस्व वसूली, अभिलेख शुद्धता, त्रुटि सुधार, दीन दयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, आधार अपडेशन आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं रीडर उपस्थित थे।

संत समागम मेला का आयोजन

## कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए दामाखेड़ा मेले की तैयारियों की समीक्षा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,9 जनवरी।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आगामी 23 जनवरी से शुरू हो रहे सन्त समागम समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मेले में आने वाले अतिथियों और श्रद्धालुओं के रहने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए जहाँ ,बिजली ,पानी,शौचालय और स्नानागार का इंतज़ाम हो।इसके अलावा मेले में रोज़ाना आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शौचालय और पेयजल में स्पॉट्स बनायें। उन्होंने मेला पहुँच मार्ग और मेला स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्काउट्स,एनसीसी को भी व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से मेला स्थल पर 24 घंटें निगरानी रहेगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त हेल्थ वर्कर्स के साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर पर्याप्त साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था होनी चाहिए। आपात स्थित से बचने के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। उल्लेखनीय है कि माघ मेला बसंत पंचमी 23 जनवरी से प्रारम्भ होकर माघ पूर्णिमा 1 फरवरी 2026 तक चलेगा। 23 जनवरी 2026 को नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का चादर तिलक समारोह भी होगा इसलिए इस वर्ष अधिक संख्या में श्रद्धालु दामाखेड़ा पहुंचेंगे। बैठक में एसपी भावना गुप्ता ,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ,एसडीएम श्री अतुल शेटे डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्री शांताराम राम की स्मृति में राम मंदिर ओटगन तिल्दा में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता में 16 टीमें हुई शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 9 जनवरी।** समीप गांव ओट गन में स्व शांताराम जी की स्मृति में राम सेवक परिवार के द्वारा जनवरी 4को आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता में करीब 16टीम सम्मिलित हुई

ओर स्व शांताराम जी की यह एक कर्म भूमि रही है वर्षो पर्व खण्डर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और भगवान श्री राम दरबार सहित वर्ष 2025में शिव मंदिर भी उनकी प्रेरणा से बनाया गया ओर उनकी याद में यह आयोजन किया गया जिसके आयोजन में स्व शांताराम जी हमेशा आते रहे है ग्रामीण और राम सेवक परिवार ने इस बार इस आयोजन को उनकी याद में किया और श्री शांता राम जी को श्रद्धांजलि भी सभी खिलाड़ी यो ने दी

इस आयोजन के मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल बीजेपी नेता सहित नरेंद्र शर्मा। अनेक लोग सम्मिलित हुए आयोजन के उद्घाटन में रानी शोरभ जैन सहित अनेक गण मान्य ग्रामीण उपस्थित थे श्री राम सेवक परिवार ने बताया कि स्व शांता राम जी ने जो कार्य पूर्व में मंदिर हित में किया वह समस्त कार्यक्रम विधिवत जारी रहेगे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रांत प्रचारक स्व शांता राम जी के पुण्यतिथि पर भी अनेक आयोजन श्री राम मंदिर ओट गन में किए जायेगे।



## व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र के दीक्षांत समारोह में छात्रों को अंकसूची व प्रमाणपत्र बांटा गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 9 जनवरी।** अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ के तत्वाधान में 33 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन स्टाफक्लब में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टेक्निकल हेड श्री राजीव सिंघल एवं सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। आपको बता दे कि प्रशिक्षण केंद्र 1992 से संचालित हो रहा है जिसमें लगभग 2083 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है । इस सत्र में 66 छात्र अध्ययनरत है प्रशिक्षण केंद्र से 33 बैच के 56 छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किए है, उन्हें सभी अतिथियों ने आज अंक सूची व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।छात्रों अपने आने वाले भविष्य को लेकर बेहद उत्साहित नजर आए। समारोह में टेक्निकल हेड राजीव राजीव सिंघल, सिक्योरिटी हेड अभिषेक तेवातिया, एच आर विभाग से ÷एचआर विभाग की सुश्री मिमांसा बरेठ,एबीपीएस स्कूल की प्राचार्य संगीता क्रिस्टोफ़र, सीजी बोर्ड के प्राचार्य अवधेश पाण्डेय, ग्राम पंचायत कुंदरु सरपंच यशवंत वर्मा,टंडवा सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा,बहेसर सरपंच प्रतिनिधि सेवक दास बर्मन मौजूद रहे । सभी अतिथियों ने अपने उद्बबोधन में छात्रों को स्किल को और आगे तक ले जाने के बारे में जानकारी दी गई साथ ही छात्रों को मानसिक शारीरिक बौद्धिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनने के लिए अपने विचार रखते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए। 33वां दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम एच.आर डीएच जितेंद्र तनवर के मार्गदर्शन में हुआ और वहीं संचालनकर्ता सीएसआर अधिकारी सोनाली गवारगुर,सीएसआर टीम से दीपेंद्र कुमार मिश्रा, सी.डी लहरे,मुन्नालाल बर्मन, निरूपा कश्यप, खुशबू धुरंधर सहित सरपंचगण, अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के अधिकारी कर्मचारी, स्कूल के प्राचार्य एवं छात्रगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए ।

## पूर्व मंत्री ने जन्मदिन पर लिया मां बम्लेश्वरी का आशीर्वाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 जनवरी।** छत्तीसगढ़ एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री धनेश पाटिला जन्मदिन के अवसर पर मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये। इस दौरान पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा ब्लाक अध्यक्ष द्वय विजय राज सिंह व सुरेश सिन्हा पूर्व नपाध्यक्ष धीरज मेश्राम व शिव निषाद रिम्मी भाटिया अनिल मेश्राम एडविन हैदर शिशुपाल भारती हरिश भंडारी जितेन्द्र सिंह भाटिया प्रमोद टेम्भुर्णीकर चुमन साहू संजीव गोमास्ता फिरंगी पटेल संजीव वशिष्ठ रवि तिवारी विष्णु लोधी दशरथ सोनी सुधीर शिंदे मतीन खान प्रकाश महानदी पंचराम चंदेल प्रजेश सहारे राजेंद्र वर्मा संजीव गुप्ता दिनेश साखरे सुरेन्द्र अम्बादे प्रशांत सहित बड़ी संख्या में समर्थक गण और सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 81 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित,नशामुक्ति की दिलाई शपथ




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,9 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में 8 जनवरी 2026 को कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से माँ रिहेब आसरा एलिम्को द्वारा पूर्व में चिन्हांकित 81 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपस्थित थे।जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थितो को नाशमुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेक योजनाएँ चलाई जा रही है इनमें एक महत्वपूर्ण योजना सहायक उपकरण भी है। उन्होंने कहा कि सहायक उपरकण से आपको दैनिक कार्य करने और बाहर आने-जाने तथा आपके व्यवसाय में आवश्यक रूप से सहयोग मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण मिलने पर बधाई दी एवं सभी को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव तया सड़क नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक सिनीवाली गोयल तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

एमआईसी ने महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिए कई निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर 9 जनवरी।** आज रायपुर नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता और आयुक्त श्री विश्वदीप, एमआईसी सदस्य सर्वश्री महेंद्र खोडियार, मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, दीपक जायसवाल, संतोष सीमा साहू, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, श्रीमती सरिता आकाश दुबे, श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, श्रीमती संजना संतोष हियाल एवं अधिकारियों की उपस्थिति में रायपुर नगर निगम में हुई, जिसमे रायपुर शहर के समग्र विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ करना, सड़क एवं नाला निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, वायु गुणवत्ता सुधार, नागरिक सुविधाओं का विस्तार तथा जनकल्याण से जुड़े विषय शामिल हैं। नगर निगम का स्पष्ट उद्देश्य रायपुर शहर को और अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं रहने योग्य बनाना है।

बैठक में ऐसे प्रस्तावों को प्राथमिकता दी गई है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। साथ ही सभी कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया है। नगर निगम प्रशासन शहर की वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहा है।

**प्रमुख मार्गो के नामः-** 1 जी.ई. रोड अंतर्गत टाटीबंध चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए तेलीबांधा थाना मुख्य मार्ग। 2 पचपेडी नाका चौक से लालपुर ओवरब्रिज तक। 3 भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए केनाल रोड सिग्नल तक एवं मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइन के आसपास । 4 एन.आई.टी. रायपुर से गोल चौक होते हुए रायपुर चौक तक। 5 जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक होते हुए बिजली ऑफिस चौक तक । 6 महिला थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक। 3. रायपुर शहर की प्रमुख सड़कों के डिवाईडर और विज्ञापन संरचनाएं शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था से सीधे जुड़ी हैं। इनका नियमित संधारण सफाई, पेंटिंग और हरियाली का रख-रखाव बहुत आवश्यक है। सीमित संसाधनों को देखते हुए यह जिम्मेदारी संबंधित विज्ञापन एजेंसियों को दी जा रही है। इससे रख-रखाव समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होगा। अवैध पोस्टर और अव्यवस्था पर भी प्रभावी नियंत्रण रहेगा। नगर निगम गुणवत्ता की सतत निगरानी करेगा। यह निर्णय स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर रायपुर की दिशा में एक ठोस कदम है।

### मुख्य एजेण्डा

1. मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत खालसा स्कूल के सामने से हटाए गए 69 दुकानदारों को क्रिस्टल आर्केड के सामने दुकान निर्माण कर व्यवस्थित रूप से बसाने का निर्णय लिया गया है। दुकान निर्माण पूर्ण होने के बाद जिला आबंटन समिति के माध्यम से दुकानों का आबंटन किया जाना प्रस्तावित है।यह कार्य दुकानदारों की सहभागिता से, नियोजित एवं पारदर्शी प्रक्रिया में होगा और म्यूनिसिपल बॉन्ड आधारित विकास योजना का हिस्सा रहेगा। हमारा उद्देश्य है सभी हितग्राहियों को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका देना।

2. रायपुर शहर के 6 प्रमुख मार्गों को नो-फ्लेक्स जोन घोषित किया गया है, जहा अवैध फ्लेक्स, बैनर व पोस्टर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे जिससे शहर स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित रहेगा एवं उल्लंघन की स्थिति में अनाधिकृत विज्ञापनों को तत्काल हटाने, जुर्माना लगाने एवं हटाने का खर्च संबंधित विज्ञापनकर्ता से वसूला जायेगा। उक्त कार्य हेतु संबंधित जोन के जोन आयुक्त की जिम्मेदारी होगी। उक्त क्षेत्रों में केवल शासकीय विज्ञापनों को छूट प्रदान की गई है।

## सही बात है राज्य का पैसा लगेगा तो भ्रष्टाचार रुकेगा...

सरकार पुरानी योजना की जगह कोई नई योजना लाती है तो स्वाभाविक है कि पुरानी योजनाओं में जो कमी या खामी थी, उसे दूर करने के लिए लाती है। उसका मकसद जनहित व राज्यहित होता है। कोई भी सरकार हो ऐसी योजना नहीं बनाती है जिससे जनता या राज्य को नुकसान होगा क्योंकि ऐसा होगा तो योजना से सरकार को जो लाभ होना है नहीं होगा, कोई भी सरकार अपने नुकसान के लिए कोई योजना नहीं लाती है।कोई भी सरकार पुरानी की जगह नई योजना लाती है तो उसका मकसद होता है जनता को ज्यादा फायदा हो, राज्य को ज्यादा फायदा हो,सरकार को ज्यादा फायदा हो, योजना का लाभ मिलने पर जनता सरकार की तारीफ करे।चुनाव में पहले से ज्यादा वोट दे, राज्य सरकार को जनता दोबारा सेवा का मौका दे। मोदी सरकार ने विकसित भारत जीरामजी योजना लेकर आई है, पहले इसे मनरेगा के नाम से जाना जाता था। सरकार ने मनरेगा की जगह जो नई योजना लाई है, वह विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर लाई है,इसलिए उसका नाम विकसित भारत जीरामजी योजना रखा गया है। कांग्रेस सहित कुछ राजनीतिक दल इसका विरोध इसलिए कर रहे हैं कि सरकार ने इसका नाम क्यों बदला, इसमें महात्मा गांधी का नाम था, उसे क्यों हटाया।सीधी सी बात है कि यह सरकार का अधिकार है और सरकार ने अपने अधिकार का प्रयोग किया है,सरकार ने कुछ भी गलत नहीं किया है। कांग्रेस तो सरकार की हर योजना विरोध करती है, इसलिए वह जीरामजी योजना का विरोध भी कर रही है। उसने कहा नहीं है लेकिन इस योजना का विरोध वह इसलिए भी कर रही है कि इसका नाम जीरामजी है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने इस योजना को लेकर सही कहा है कि विकसित भारत जीरामजी योजना मनरेगा से बेहतर योजना है और इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। सीएम साय ने कहा है कि मनरेगा में पहले फर्जी मस्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें लगातार मिलतीं थी। जिन्हे समाप्त करने का प्रयास विकसित भारत जीरामजी में करने का प्रयास किया गया है।नए अधिनियम से पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधा लाभ मिलेगा। मनरेगा में काम तो होता था लेकिन वह ऐसा काम होता था जिससे अधोसंरचना का निर्माण नहीं होता था अब नई योजना से जल सुरक्षा,ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन का काम होगा। इसे राज्य के गांवों में मजबूत अधोसंरचना का निर्माण होगा। अब तक तो यही माना जाता रहा है कि मनरेगा मतलब हद से ज्यादा भ्रष्टाचार, जब से मनरेगा देश में लागू हुई है,सबसे ज्यादा शिकायत इसमें होने वाले भ्रष्टाचार की रही है। इस योजना में पैसा तो लोगों को रोजगार देने के लिए दिया जाता था लेकिन लोगों को रोजगार मिलता नहीं था और पैसा भ्रष्ट लोगों की जेब में चला जाता था, पूरा पैसा केंद्र सरकार का होने के कारण राज्य सरकारे खास कर गैर भाजपा सरकारें भ्रष्टाचार रोकने कोई ध्यान नहीं देती थी।इससे योजना का कोई फायदा जनता को नहीं होता था। अब इसमें ४० प्रतिशत पैसा राज्य सरकार को लगेगा तो वह भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास करेगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिले ऐसा प्रयास भी करेगी। नेतृत्व ईमानदारी को बढ़ावा देने वाला हो तो राज्यों का नेतृत्व करने वाले भी ईमानदारी को बढ़ावा देते हैं और भ्रष्टाचार रोकने का काम करते हैं। दस साल में मोदी सरकार ने कोई काम बहुत अच्छे से किया है तो वह काम है देश में जहां भी भ्रष्टाचार हो रहा था उसे रोकने का काम किया है।पीएम मोदी ने शुरू में ही भ्रष्टाचार रोकने के लिए कह दिया था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। वाकई भ्रष्टाचार तो वही रोक सकता है जो न खाता है और न खाने देता है। कांग्रेस के समय इसके उलट होता था, उसके नेता मंत्री के बारे में कहा जाता रहा है कि वह खुद भी खाते है और दूसरों को खूब खिलाते हैं, इससे कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार रोकने के बार मे कोई न सोचता था और न बोलता था। पीएम मोदी देश के सबसे ईमानदार नेता है और उन्होंने दस साल में भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास किया इससे कई क्षेत्रों में भ्रष्टाचार खत्म हुआ है, कई क्षेत्रों में कम हुआ। अब पैसा केंद्र सरकार भेजती है तो पूरा पैसा जनता को मिलता है, कांग्रेस के समय तो एक रूपए केंद्र से भेजने पर जनता को १५ पैसा ही मिलता था।जब जनता को पूरा पैसा मिलता है तब ही वह मानती है कि अब जो सरकार है वह ईमानदार है।

### विश्व हिंदी दिवस विशेष

# डिजिटल युग में हिंदी: विश्व हिंदी दिवस-2026 का संदेश

**सुनील कुमार महला**



प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।यह दिवस मात्र एक तारीख नहीं है, अपितु यह तो हमारे देश के भाषाई आत्मसम्मान का बड़ा उत्सव है। पाठकों को बताता चलूं कि राष्ट्रीय हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है, जैसा कि भारत की संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था तथा यह मुख्य रूप से भारत में हिंदी भाषा की मान्यता पर केंद्रित है।हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्यों की बात करें तो इसमें क्रमशः हिंदी को वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करना,दुनिया भर में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना,अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देना, संयुक्त राष्ट्र में इसे आधिकारिक भाषा बनाना तथा विदेशी लोगों में हिंदी के प्रति अधिकाधिक रुचि पैदा करना प्रमुख हैं।सरल शब्दों में कहें तो इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देना और इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है।हिंदी न केवल हमारे देश प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की संवाहक है, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी इसका महत्त्वपूर्ण और अहम् योगदान, भूमिका रही है। हिंदी आज हमारे देश की राजभाषा (आफिशियल लैंग्वेज) तथा भारत की प्रमुख मातृभाषा है। विश्व हिंदी दिवस के इतिहास की यदि हम यहां पर बात करें तो 10 जनवरी 1975 को नागपुर (महाराष्ट्र) में पहला 'विश्व हिंदी सम्मेलन' आयोजित किया गया था तथा इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। गौरतलब है कि वर्ष 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को प्रतिवर्ष 'विश्व हिंदी दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नॉर्वे में भारतीय दूतावास द्वारा पहली बार विदेश में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया था। वास्तव में, यह उस दिन को चिह्नित करता है जब वर्ष 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली) में पहली बार हिंदी बोली गई थी। यह विश्व के विभिन्न हिस्सों में स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा भी मनाया जाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मॉरीशस के पोर्ट लुइस में विश्व हिंदी सचिवालय भवन का भी उद्घाटन किया गया था।हर साल इस दिवस की एक थीम या विषय रखा जाता है और वर्ष 2025 में इसका विषय 'हिंदीः एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़' रखी गई थी। वास्तव में, यह थीम हिंदी को एक वैश्विक संवाद, संस्कृति और एकता के माध्यम के रूप में उभारने पर केन्द्रित थी।इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में इसकी थीम/विषय 'हिंदीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) तक' रखी गई है।यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हिंदी न केवल हमारी प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की संवाहक है, बल्कि आधुनिक युग में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में भी पूरी तरह सक्षम और प्रगतिशील है। दूसरे शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य है कि हिंदी पारंपरिक रूप से एक भाषा होने के साथ तकनीक की दुनिया में भी आगे है। इस भाषा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बहरहाल पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि काका कालेलकर, मैथिलीशरण गुप्त, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविंददास ने हिन्दी को राजभाषा बनाए जाने के क्रम में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है तथा हिन्दी हमारे देश के संविधान की आठवीं अनुसूची की भाषा भी है।साथ ही, अनुच्छेद 351 'हिंदी भाषा के विकास के लिये निर्देश' से संबंधित है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 से लेकर 351 तथा अनुच्छेद 120 तथा अनुच्छेद 210 भी हिंदी से संबंधित हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 343 भारत संघ की राजभाषा के निर्धारण से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रावधान है। इसके पहले खंड (343-1) में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि 'संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।' इसके साथ ही, सरकारी कार्यों में उपयोग किए जाने वाले अंकों का स्वरूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप (1, 2, 3 आदि) होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह अनुच्छेद भारत की भाषाई विविधता को स्वीकार करते हुए हिंदी को केंद्र सरकार के आधिकारिक कामकाज की मुख्य भाषा के रूप में स्थापित करता है। अनुच्छेद 343 के अन्य खंडों में संक्रमणकालीन (ट्रांजिशनल) व्यवस्था भी दी गई है। गौरतलब है कि संविधान के लागू होने के समय (26 जनवरी 1950) भारतीय संविधान में यह प्रावधान किया गया था कि अगले 15 वर्षों तक यानी कि 1965 तक संघ के सभी आधिकारिक कार्यों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग भी पहले की तरह जारी रहेगा, ताकि प्रशासनिक स्तर पर कोई बाधा न आए। हालांकि, संसद को यह शक्ति दी गई थी कि वह 15 वर्ष की अवधि के बाद भी कानून बनाकर अंग्रेजी के प्रयोग को जारी रख सकती है, जिसके परिणामस्वरूप बाद में 'राजभाषा अधिनियम, 1963 पारित किया गया। सरल शब्दों में कहें तो अनुच्छेद 343 वह संवैधानिक आधार है जो हिंदी को भारत की प्रशासनिक और राष्ट्रीय पहचान से जोड़ता है।बहरहाल, हिंदी भाषा की कई ऐसी अनूठी विशेषताएं हैं जो इसे विश्व की अन्य भाषाओं से अलग और वैज्ञानिक बनाती हैं। इसकी सबसे बड़ी खूबी इसकी ध्वन्यात्मकता है; यानी इसे जैसा लिखा जाता है, ठीक वैसा ही बोला भी जाता है। हिंदी की लिपि, देवनागरी, अत्यंत व्यवस्थित है, जिसमें स्वर और व्यंजनों को वैज्ञानिक आधार पर वर्गीकृत किया गया है। यह एक अत्यंत उदार,सरल,सहज, वैज्ञानिक शब्दावली लिए हुए बहुत ही शानदार भाषा है, जिसने समय के साथ संस्कृत के तत्सम शब्दों के साथ-साथ अरबी, फारसी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय बोलियों के शब्दों को भी अपने भीतर सहजता से समाहित किया है।व्याकरण की दृष्टि से देखें तो हिंदी में संज्ञा और क्रिया का गहरा संबंध होता है और इसमें लिंग (स्त्रीलिंग-पुल्लिंग) व वचन के आधार पर क्रिया का रूप बदल जाता है, जो भाषा को एक लयबद्धता प्रदान करता है। साथ ही, हिंदी में संबोधन के लिए 'तू', 'तुम' और 'आप' जैसे शब्दों का वर्गीकरण हमारे समाज की शिष्टता और रिश्तों की मर्यादा को दर्शाता है। अपनी सरलता और व्यापकता के कारण ही यह न केवल साहित्य की भाषा है, बल्कि आज के दौर में तकनीक और सिनेमा के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। उल्लेखनीय है कि हिंदी शब्द का जन्म फारसी भाषा से हुआ है, जिसका अर्थ है 'सिंधु नदी के किनारे का क्षेत्र'। 11वीं सदी में जब तुर्की आक्रमणकारी भारत आए, तो उन्होंने यहाँ की भाषा को 'हिंदी' नाम दिया। हिंदी की विकास यात्रा सदियों पुरानी है; यह प्राचीन काल में 'अपभ्रंश' के रूप में प्रचलित थी, जिसका प्रमाण हमें कालिदास के नाटकों में भी मिलता है। आज हम जिस देवनागरी लिपि का प्रयोग करते हैं, वह भी लगभग 11वीं शताब्दी के आसपास अस्तित्व में आई थी।वर्तमान में, हिंदी भारत की राजभाषा है और देश के प्रशासनिक कार्यों में अंग्रेजी के साथ इसका प्रमुख स्थान है। इसकी लोकप्रियता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि गिरमिटिया मजदूरों और सांस्कृतिक प्रवास के कारण यह मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम और नेपाल जैसे कई देशों में भी सम्मान के साथ बोली जाती है।हिन्दी न केवल भारत की पहचान है, बल्कि यह वर्तमान में एक शक्तिशाली वैश्विक भाषा के रूप में उभर चुकी है। वर्ष 2025-26 के नवीनतम आंकड़ों (जैसे एथनोलॉग) के अनुसार, हिन्दी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बनी हुई है, जिसके बोलने वालों की कुल संख्या लगभग 60.9 करोड़ (609 मिलियन) से अधिक पहुँच गई है। वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी (1.5 अरब) और मंदारिन या मैंडरिन/चीनी (1.2 अरब) के बाद हिन्दी का ही स्थान आता है। दिलचस्प बात यह है कि दुनिया भर में हिन्दी के प्रसार की गति पिछले कुछ दशकों में अत्यंत तीव्र रही है, और जैसा कि इस आलेख में ऊपर भी चर्चा कर चुका हूं कि आज यह फिजी, मॉरीशस, नेपाल और गयाना जैसे देशों के अलावा अमेरिका और खाड़ी देशों में भी बड़े प्रवासी समुदाय द्वारा बोली जाती है।भारत के संदर्भ में बात करें, तो हिन्दी देश की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ने वाली भाषा है। 2011 की जनगणना के बाद से हिन्दी भाषियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है और वर्तमान अनुमानों के अनुसार, भारत की लगभग 44% से 53% आबादी हिन्दी को अपनी पहली, दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में उपयोग करती है। डिजिटल क्रांति ने भी हिन्दी को काफी बढ़ावा दिया है; इंटरनेट और सोशल मीडिया पर हिन्दी सामग्री की मांग और खपत में भारी उछाल आया है। कितनी अच्छी बात है कि आज हिंदी का प्रयोग केवल बोलचाल या साहित्य तक सीमित न रहकर जीवन के लगभग-लगभग हर महत्वपूर्ण क्षेत्र में व्यापक रूप से हो रहा है। प्रशासनिक और न्यायिक क्षेत्र में हिंदी भारत की राजभाषा के रूप में केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों और संसदीय कार्यों का मुख्य आधार है। यह हमारे लिए गौरवान्वित महसूस करने की बात है कि आज शिक्षा के क्षेत्र में भी नई शिक्षा नीति (नेशनल एजुकेशन पालिसी) के आने के बाद अब इंजीनियरिंग और चिकित्सा (मेडिकल) जैसे तकनीकी विषयों की पढ़ाई भी हिंदी में शुरू हो चुकी है। मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में तो हिंदी का वर्चस्व निर्विवाद है; बॉलीवुड फिल्में, हिंदी समाचार चैनल और विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने इसे न केवल भारत के कोने-कोने तक, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय बना दिया है।

### सू- दोकू क्र.281

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -281


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## राशिफल

**मेष राशि,:-** मेष राशि के लिए आज शुक्रवार का दिन शुक्र और मंगल की युति से उत्साहवर्धक रहेगा। आप दिन के पहले भाग से ही आज उत्साह और जोश से भरपूर बने रहेंगे और आपको आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने का योग बना रहेगा। विपरीत लिंगी साथी सहकर्मियों से तालमेल बनाकर रखेंगे जिससे आपको उनसे अपेक्षित सहयोग मिल पाएगा।

**वृषभ राशिः-** वृषभ राशि के जातको के लिए आज शुक्रवार का दिन शुभ रहेगा। राशि स्वामी शुक्र आज अष्टम भाव में गोचर करते हुए आपको अचानक लाभ दिलाने की व्यवस्था कर रहे हैं। आपको आज पूर्व में किए गए निवेश का लाभ मिलेगा। नौकरी में आपके विरोधी आपको आज नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं लेकिन आप अपनी चतुर बुद्धि और व्यवहार कुशलता से स्थिति से अपने पक्ष में बनाए रख पाएंगे।

**मिथुन राशिः-** मिथुन राशि के जातक आज सुख और आनंद प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज किसी मित्र अथवा सगे संबंधी से मिलने का मौका मिलेगा। साथ ही आज आपको अपने भाई बहनों की मदद भी करनी पड़ सकती है। नौकरी में आज आज का दिन आपका सामान्य रूप से बेहतर होगा। आपको आज सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशिः-** कर्क राशि के लिए आज शनिवार का दिन कुल मिलाकर अच्छा है। आपकी रुचि आज धर्म कर्म में रहेगी। आप आज सामाजिक कार्यों में भी भाग लेंगे। नौकरी मे आपका प्रभाव बना रहेगा। कुछ ऐसे निर्णय आप ले सकते हैं जिनसे आपको भविष्य में भी बड़ा लाभ मिलने का संयोग बनैगा। आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी, बिजनेस में आपको आज लाभ मिलेगा।

**सिंह राशिः-** आज का दिन सिंह राशि के जातको के लिए अच्छा रहेगा। आपको आज करियर में ग्रोथ का मौका मिलेगा। आप अपनी चतुराई और कूटनीति से आज लाभ प्राप्त कर पाएंगे। तकनीकी ज्ञान का भी आपको आज फायदा मिलेगा। आप आज वाहन सुख भी प्राप्त कर सकते हैं। कोर्ट कचहरी के काम में आपको आज भाग्य सफलता प्रदान कर सकता है।

**कन्या राशिः-** कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आपका मनोबल और आत्मविश्वास आज बढेगा। आपको नौकरी में अनुकूल स्थिति मिलेगी और आपका काम आज तेजी से आगे बढेगा। आप को आज किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में आपको आज लाभ मिलेगा लेकिन आपके शौक भी आज बढ़ेंगे ऐसे आप आज धन भी खर्च करेंगे।

**तुला राशिः-** तुला राशि के लिए आज शुक्रवार का दिन भगवान का शुक्रगुजार होने का है क्योंकि आपको आज भाग्य का पूरा सपोर्ट मिलेगा और राशि स्वामी शुक्र आपकी राशि से तीसरे भाव में गोचर करते हुए आपको अप्रत्याशित लाभ प्रदान करेंगे। आपको आज भाइयों से लाभ और सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आपके खुशियां बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशिः-** वृश्चिक राशि के जातक आज अपने कामकाज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और मान सम्मान पांएगे। सहकर्मियों और सहयोगियों का व्यवहार आज सकारात्मक रहेगा। आप आज नौकरी में प्रोत्साहन प्राप्त करेंगे और पूर्व में किए किसी काम के लिए आपको आज सम्मान भी मिल सकता है। सरकारी काम में आपको आज भाग्य लाभ दिलाएगा। फैमिली बिजनेस में आप बड़े भाई से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। जिन जातको के काम का संबंध विदेश से है उनके लिए आज भाग्य लाभ का संयोग बना रहा है।

**धनु राशिः-** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा है लेकिन अतिउत्साह में आकर आपको कोई भी कदम उठाने से बचना चाहिए नहीं तो मानसिक तनाव और कष्ट हो सकता है। वैसे आज आपका दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। आपको आज जीवनसाथी के साथ सुखद और रोमांटिक समय बिताने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी से आपको आज अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त होगा। नौकरी में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा लेकिन अधिकारी वर्ग से आपको आज सपोर्ट भी मिलेगा।

**मकर राशिः-** मकर राशि के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा कहा जा सकता है। आज आपकी राशि से भाग्य भाव में चंद्रमा का गोचर हो रहा है जो आपको अपनी योजनाओं में कामयाब बनाएगा। जो जातक उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कामयाबी मिलेगी। नौकरी में आपको आज अनुभवी व्यक्ति से सहयोग मिलेगा,जिससे आपका अटका हुआ काम बन जाएगा। सेल्स मार्केटिंग के काम से जुड़े जातक अपनी वाणी और चतुराई से लाभदायक डील प्राप्त कर पाएंगे।

**कुंभ राशिः-** आज का दिन कुंभ राशि के लोगों के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज जोखिम भरा फैसला लेने से बचना होगा। आर्थिक मामलों में आज संभलकर चलें। लुभावने डील के चक्कर में धन का नुकसान हो सकता है। आपके लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज तकनीकी काम में भाग्य का सपोर्ट मिलेगा। विदेशी क्षेत्र से भी आज लाभ का संयोग बनता हुआ दिख रहा है। बैंक से संबंधित कोई कोई काम है तो इसमें आपको सफलता मिल सकती है। लेकिन विरोधियों और शत्रुओं से आपको आज सतर्क रहने की जरूरत है। आपको आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर रखना चाहिए इनका सपोर्ट आपको सकारात्मक बल प्रदान करेगा। भाइयों के साथ आज आपको वाद विवाद से बचना होगा। लव लाइफ के मामले में आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है।

**मीन राशिः-** आज शुक्रवार का दिन मीन राशि के लोगों के लिए शुभ रहेगा। आपको आज किसी शुभ काम मे भाग लेने का मौका मिलेगा और आपको पुण्य लाभ भी मिलेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में भाग्य से अधिक परिश्रम और अनुभव का लाभ ले पाएंगे। मित्रों के साथ आपको तालमेल बनाए रखना चाहिए इनसे आपको आज पूरा सहयोग मिलेगा।

### राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी

# रोम - रोम में बसता था दर्शनशास्त्र

**डॉ.सूर्यकांत मिश्रा**



स्वामी विवेकानंद एक ऐसा गर्व पैदा करने वाला नाम बन चुका है , जो हमारे देश के संतों - महंतों को भी उनके आदर्शों को आत्मसात करने प्रेरित करता चला आ रहा है । आखिर ऐसी क्या विशेषता थी स्वामी जी में कि उनके कहे शब्दों और उनके द्वारा चुने मार्ग पर चलने से परहेज नहीं किया जा सकता ? खुद किशोर उम्र से युवा होते हुए उन्होंने जो अनुभूति की उसके आधार पर वे युवाओं को हर समस्या का हल माना करते थे । स्वामी विवेकानंद जी ने भारतवर्ष में विघटित होते जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए युवा पीढ़ी पर ही भरोसा किया ! महिमा मंडित भारत भूमि के आध्यात्मिक वैभव के क्षरण और निष्क्रिय होती युवा चेतना की सुषुप्तावस्था को देख जैसे उनकी आत्मा हाहाकार कर उठती थी ! उन्होंने सिंह गर्जना करते हुए राष्ट्र की सुषुप्त युवा चेतना को झकझोर कर जगाते हुए आव्हान किया -" उठो ! जागो ,आलस्य , दुर्बलता तथा मोह को त्यागो और तब तक चैन न लो, जब तक अभीसिप्त लक्ष्य को प्राप्त न कर लो । " स्वामी जी युवाओं में उत्कृष्ट संस्कारों का जागरण करना चाहते थे । उनकी स्पष्ट धारणा थी कि संस्कार समाज की शिराओं में बहने वाले रक्त की भांति होते हैं । इसी से समाज का उन्नयन होता है । दूसरी ओर इसे नकारने से ही समाज पतन की ओर अग्रसर होने लगता है । उनकी चिंता इस रूप में संजोई नजर आती है कि - " युवा चेतना नास्तिक हो जाए तो उतनी खतरनाक नहीं होती , जितनी कु - संस्कारी होने पर होती है । " कारण यह कि नास्तिक को तो राह पर लाया जा सकता है , किंतु कु - संस्कारी को विनाश के गर्त से बचाना असंभव है ! हम स्वामी विवेकानंद जी को महापुरुषों की प्रेरणा मान सकते हैं । प्राचीन भारत में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत एवं महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस खुद विवेकानंद जी के विचारों से प्रभावित थे । उन्होंने स्वयं लिखा था - " स्वामी विवेकानंद इतने महान , गहन और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे कि मैं घंटों लिखकर भी उस महापुरुष की महिमा के प्रति न्याय नहीं कर सकूंगा । वे विश्व के पहले ऐसे सर्वोच्च योगी थे , जिन्होंने ब्रह्म साक्षात्कार करने के बाद भी स्वदेश एवं मानवता के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। आज यदि वे जीवित होते तो मैं उनके चरणों में होता । जहां तक मेरा ख्याल है , वर्तमान भारत उन्हीं की कृति है । " स्वामी विवेकानंद जी युवाओं से कहा करते थे - " न तो कीड़े - मकोड़ों की तरह जिएं और न ही उनकी तरह मरें , तेरे - मेरे जैसे न जाने कितने कीड़े पैदा होते और मरते रहते हैं । " वे कहा करते थे तुम लोग देश की आशा हो । तुम्हें कर्महीन देख मुझे कष्ट होता है । लग जा , काम में लग जा ...विलंब न कर । मृत्यु तो दिनोदिन निकट आ रही है - " बाद में करूंगा कहकर , बैठा मत रह ! यदि बैठा रहेगा तो फिर तुझ से कुछ भी न हो सकेगा । " युवाओं को



शक्तिशाली और ऊर्जावान बनाने पर उनका सर्वाधिक ध्यान था । आज हमें जिसकी जरूरत है , वह है लोहे के पुट्ठे और फौलाद के स्नायु की । हम लोग बहुत दिन रो चुके । अब रोने की आवश्यकता नहीं । अब अपने पैरों पर खड़े हो जाओ और "मर्द " बनो । हमें ऐसे धर्म की आवश्यकता है जिससे हम मनुष्य बन सकें । हमें ऐसे सिद्धांतों की जरूरत है जिससे हम मनुष्य कहला सकें । हमें ऐसी सर्वांग सिद्ध शिक्षा चाहिए ,जो हमें मनुष्य की पहचान दिला सके । स्वामी जी युवाओं में अभय जगाना चाहते थे । ऐसी पीढ़ी जिसमें डर नाम की चीज न हो । वे उठें तो सारा संसार उठ खड़ा हो और चले तो सारा संसार चलने लगे । स्वामी जी का स्वयं का जीवन इस कथन का जीता जागता उदाहरण रहा है । वे अपने जीवन में किसी से नहीं डरे । न किसी मनुष्य से और न ही किसी परिस्थिति से । वे युवाओं का आव्हान करते हुए कहा करते थे - " निः स्वार्थ बनो और कभी एक मित्र को पीठ पीछे दूसरे की निंदा करते मत सुनो । भविष्य की पचास सदियां तुम पर ही निर्भर हैं । वह तुम्हारी ओर निहार रही हैं । बस काम करते जाओ । यह विश्वास रखो तुम्हें कोई रोक न सकेगा । सत्य पर डटे रहो । भले थोड़ा समय लगे पर तुम सफल अवश्य होओगे । स्वामी जी का जीवन पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा एनसाइक्लोपीडिया बन चुका है । पन्ने पलटते जाएं और किस्सों की दुनिया में खोते चले जाएं । यदि स्वामी जी के जीवन में घटित घटनाओं को लेख बद्ध किया जाए तो ग्रन्थ नहीं ग्रंथों की रचना की जा सकती है । स्वामी जी का एक बड़ा ही रोचक किस्सा उनके पैरों का विदेशी जूता हमें यादों की दुनिया में ले जा रहा है । एक बार स्वामी जी अमेरिका में स्वदेशी पर बोल रहे थे , किंतु स्वयं विदेशी जूता उनके पैरों की शान बढ़ा रहा था । एक अंग्रेज महिला ने उन्हें उस पर टोका । स्वामी जी ने बड़ी सहजता के साथ कहा - " मै अंग्रेजों के स्थान को बताने के लिए कभी - कभी ऐसे जूते पहन लिया करता हूं । " स्वामी जी का सहज उत्तर हमें बताता है कि किस तरह उन्होंने विनोदी और प्रभावशाली अंदाज में अपनी बात रखी और अंग्रेजों को उनका स्थान दिखा दिया ! इसी तरह का एक किस्सा एक राजा के प्रश्न से जुड़ा हुआ है । एक राजा ने स्वामी जी से पूछा लोग मिट्टी - पत्थर की मूर्ति को क्यों पूजते हैं ? स्वामी जी ने राजा को उनके पिता की तस्वीर पर थूकने के लिए कहा , जिससे राजा की त्यौरियां चढ़ गईं । स्वामी जी ने उन्हें समझाया जैसे तस्वीर में पिता के दर्शन होते हैं वैसे ही मूर्ति में ईश्वर के । स्वामी जी का तर्क हमें बताता है कि भावना और श्रद्धा ही सब कुछ है । हम समझ सकते हैं कि हमारे देश में धर्मों की विविधता के बावजूद स्वामी विवेकानंद का एकता , सहिष्णुता और आपसी समझ का संदेश आज भी दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान रखता है । आज जहां धार्मिक संघर्ष और उग्रवाद निरंतर समस्याएं बनी हुई हैं , स्वामी जी की शिक्षा अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज को बढ़ावा देने में मदद कर सकती हैं । स्वामी जी पहले ऐसे संत और दर्शनशास्त्री थे जिन्होंने पश्चिम के सामने भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के महत्व को उजागर कर दिखाया । भारतवर्ष हमेशा से संतों - महंतों की भूमि रही है । यहां जन्मीं महान विभूतियों ने पूरे विश्व में अपने संदेशों का संचार कर मानवीय जीवन को जो सुकून दिया है वह आज भी हमें गौरवान्वित कर रहे हैं । ऐसे ही संतों में सबसे ऊपर स्थान रखने वाले महान दार्शनिक स्वामी विवेकानंद जी ने भारतवर्ष को आध्यात्म के जिस स्थान पर स्थापित किया वह आने वाली कई पीढ़ियों को उनके कर्तव्य की याद दिलाता रहेगा ।

## एक नजर

### विवि में 10 जनवरी को आधार एवं पासपोर्ट संबंधी एक दिवसीय विशेष शिविर

**जगदलपुर, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, में 10 जनवरी को आधार एवं पासपोर्ट से संबंधित सेवाओं के लिए एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर भारतीय डाक विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालय के कालीपुर परिसर स्थित कम्प्यूटर अध्ययन शाला में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा । इस शिविर में विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी तथा आम नागरिक लाभ उठा सकेंगे । शिविर के दौरान आधार नामांकन, आधार में नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं बायोमैट्रिक सुधार की सुविधा उपलब्ध रहेगी । साथ ही पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा । डाक विभाग द्वारा आवश्यक सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी। एनईपी के तहत विद्यार्थियों के एकेडमिक बैंक ऑफक्रेडिट के लिए आधार विवरण का सही होना अनिवार्य हो गया है।

### बस्तर में चौपाल परंपरा से होगा सीधा संवाद, लोहंडीगुड़ा में 9 जनवरी को लगेगी चौपाल

**जगदलपुर, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन ने जमीनी स्तर पर सुशासन को मजबूत करने और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए चौपाल की पुरानी और प्रभावी परंपरा को एक नए रूप में पुनर्जीवित किया है। कलेक्टर हरिस एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार आगामी 09 जनवरी को लोहंडीगुड़ा विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों में एक साथ प्रशासनिक निरीक्षण का महाअभियान चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य धरातल पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सहित विकास कार्यों की हकीकत परखना है। कमिश्नर बस्तर संभाग के निर्देशों के परिपालन में प्रशासन ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। तय कार्यक्रम के मुताबिक जिले और जनपद स्तर के नियुक्त नोडल अधिकारी सुबह 10 बजे अपनी आबंटित ग्राम पंचायतों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर वे स्कूल, आंगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकानों, आश्रम-छात्रावासों और स्वास्थ्य केंद्रों का गहन निरीक्षण करें। विशेष रूप से मध्यान्ह भोजन और पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता, स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की उपलब्धता और स्वच्छता एवं साफ सफई जैसे व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसके अलावा, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन जैसे फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति भी परखी जाएगी।

### मालवाहक पिकअप में यात्रियों को बैठाने वाले चालक का 5000 रुपये का चालान

**दंतेवाड़ा, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दंतेवाड़ा यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मालवाहक पिकअप वाहन (एमपी 50 जी 2460) के चालक पर डट एक्ट की धारा 66ध192 के तहत 5000 रुपये का चालान किया है। वाहन में अनुचित रूप से यात्रियों को बैठाकर ले जाया जा रहा था, जिसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए यह कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नसर उल्ला सिद्दीकी के मार्गदर्शन में की गई। यातायात पुलिस ने बताया कि मालवाहक वाहनों में सवारियाँ ढोना अत्यंत खतरनाक है और इससे दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है। चालक को चालान के साथ कड़ी समझाइश भी दी गई कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराएँ तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि सड़कें सुरक्षित रहें और दुर्घटनाओं में कमी आए।

### ग्रामीण विकास में नई राह विकसित भारत ''जी राम जी योजना ने बढ़ाया विश्वास, विशेष ग्राम सभा बनी बदलाव की मिसाल

**दंतेवाड़ा, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई उम्मीद दिखी। विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन गारंटी (जी राम जी) योजना के नए प्रावधानों ने लोगों में उत्साह पैदा किया। ग्राम सभा में पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी, जिससे वे स्वयं को योजनाओं का सक्रिय सहभागी महसूस करने लगे। ग्राम सभा में यह घोषणा सबसे अधिक प्रशंसनीय रही कि अब ग्रामीणों को 100 दिनों के बजाय 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध होगा। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में स्थिरता आएगी और वे सालभर आजीविका सुरक्षित कर सकेंगे।

# निर्मल निकेतन स्कूल में यातायात पुलिस ने नियमों के प्रति किया जागरूक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 9 जनवरी।** यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा 36 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत निर्मल निकेतन विद्यालय दंतेवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया!

पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत निर्मल निकेतन विद्यालय दंतेवाड़ा में दिनांक 08 जनवरी 2026 को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा।




कार्यक्रम में यातायात पुलिस द्वारा छात्र छात्राओं एवं विद्यालय के स्टॉफ को संबोधित करते हुए कहा गया कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमों का पालन करे, तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यातायात पुलिस द्वारा वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के दुष्परिणामों को भी समझाते हुये हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात संकेतों के पालन पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में निर्मल निकेतन विद्यालय के प्राचार्य सेंट बीजु सेबोस्टियन द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा संस्थान में यह आयोजन करने पर स्वागत किया तथा कहा कि छात्र छात्राओं को प्रारंभ से ही सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछा गया, जिसका समाधान यातायात पुलिस द्वारा सरल एवं व्यावहारिक भाषा में किया गया। यातायात पुलिस द्वारा युवाओं से अपील की गई कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार व समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में सभी के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में यातायात शाखा दंतेवाड़ा से यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री विजय कुमार राठौर, सहायक उप निरीक्षक श्री जितेन्द्र त्रिपाठी, यातायात पुलिस दंतेवाड़ा स्टॉफ निर्मल निकेतन विद्यालय के प्राचार्य सेंट बीजु सेबोस्टियन, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं सहित लगभग 500 लोगों की उपस्थिति रही।

**काम करवाना मजबूरी होता है इसलिए कोई सामने आकर नहीं करता शिकायत**

# आरटीओ दफतर में लूट, वाहन संबंधी हर काम के लिए की जा रही अवैध वसूली

- वाहनों का फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, एवं नाम ट्रांसफर के लिए भी अतिरिक्त राशि वसूली जा रही.
- आरटीओ दफतर के कर्मचारियों की मनमानी वसूली से बढ़ता जा रहा है लोगों में आक्रोश.
- बाहर एजेंट लूटते हैं अंदर कार्यालय जाकर काम करवाने पर कर्मचारी लूटते हैं उपभोक्ताओं को.
- दंतेवाड़ा के आरटीओ दफ्तर में सालों से चलता चला आ रहा है लूट खसोट का खेल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 9 जनवरी ।** दंतेवाड़ा का आरटीओ दफ्तर सालों से लूट का अड्डा बना हुआ है। वाहन संबंधी काम करवाने आने वाले लोगों से यहां हर रोज खुलेआम पैसों की लूट की जा रही है। वाहनों का रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, नाम ट्रांसफर, रिनिवल हो अथवा टू प्लस फोर व्हीलरों का लाइसेंस बनवाना हो हर काम के लिए शासन द्वारा निर्धारित चालानी फीस से अधिक की वसूली यहां आम बात हो गई है। कार्यालय के लोभी अधिकारी व कर्मचारी यहां हर काम का रेट फिक्स कर रखे हैं। वाहनों का मामला होता है। कागजात कम्प्लीट करवाना जरूरी होता है लिहाजा मजबूरी में लोग ज्यादा राशि देकर काम करवाने मजबूर होते हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा जिला का परिवहन कार्यालय दिन प्रतिदिन लूट का अड्डा बनता जा रहा है। वाहन संबंधी काम करवाने के नाम पर यहां आने लोग लूट का शिकार बनते हैं। परिवहन दफ्तर में वाहन संबंधी काम करवाने आने वाले लोग जब तक यहां के बाबुओं एवं अधिकारियों की जेबें नहीं गरम कर देते तब तक उनकी फाइल एक टेबल से दुसरे टेबल तक सरकती ही नहीं। सालों से यहां ऐसी स्थिति बनी हुई है। कार्यालय के अधिकारी साल दर साल भले ही बदलते रहे हों मगर यहां लूट की राशि में में कोई बदलाव नहीं होता। ज्ञात तो यह भी हुआ है कि नए साल पर आरटीओ कार्यालय से बकायदा हर काम के लेनदेन की एक नई रेट लिस्ट जारी हुई है। आरटीओ दफ्तर में वाहनों का ट्रांसफर करवाना हो तो 3000 से 3500 रूपए अतिरिक्त देना पड़ता है। रिनिवल के लिए उपर से 500 रूपए लिया जाता हैं। अगर आवेदक 2 प्लस 4 व्हीलर की लाईसेंस के लिए एप्लाई करता है तो उससे भी चालान राशि के अतिरिक्त करीब 1200 रूपए ज्यादा लिया जा रहा है। माह भर पहले तक घरेलू एवं कामर्शियल वाहनों के फिटनेस में भी अतिरिक्त राशि की वसूली की जा रही थी लेकिन अब एक माह से फिटनेस वर्क दंतेवाड़ा से ट्रांसफर होकर जगदलपुर संभाग मुख्यालय चला गया है। आवेदक आरटीओ कार्यालय पहूंचकर खूद से फार्म एवं चालान भरकर लाईसेंस अथवा वाहन संबंधी कोई भी काम करवाने जाता है तो भी उससे अतिरिक्त राशि लिया जाता है और एजेंट के माध्यम से करवाता है तो भी उसे ज्यादा राशि देनी पड़ती है। मतलब यह कि वाहन संबंधी काम के लिए दंतेवाड़ा आरटीओ कार्यालय में बगैर घूस, चढ़ावा के कोई फाईल आगे नहीं बढ़ता। जिनका चढ़ावा आता है उन्हीं आवेदक का फाईल साहब के टेबल तक पहुंचता है। कहने का आशय यह कि वाहन से संबंधित कोई भी काम किसी व्यक्ति को करवाना हो तो बगैर चढ़ावा परिवहन कार्यालय में फाईल एक जगह से दूसरे टेबल पर सरकता ही नहीं। थक हारकर मायूस होकर, मजबूरी में आवेदक को अतिरिक्त राशि बाबुओं को या फिर एजेंटों को देना होता है तभी उनका काम फाईनली हो पाता है ये स्थिति जिला मुख्यालय के परिवहन कार्यालय का है। पूरे दिन कार्यालय परिसर के बाहर एवं अंदर एजेंटों एवं दलालों का जमावाड़ा लगा रहता है। दलाल बकायदा कार्यालय के अंदर बैठकर फाईल निपटाने का काम करते हैं। एक बारगी देखने पर ऐसा लगता है जैसे ये कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि कार्यालय के ही कोई कर्मचारी हैं। जबकि नियमतः एजेंटों को कार्यालय के अंदर जाकर काम संबंधी फाईल वगैरह देना लेना पूरी तरह से नियम के विपरीत है कार्यालय के बाहरी खिड़की से ही फाईलों का आदान प्रदान की प्रक्रिया पूर्ण करनी होती है। लेकिन देखा यह जाता है कि एजेंट आवेदक का फार्म फाईल भरकर स्वयं ही कार्यालय के अंदर जाकर बाबुओं से बाकी काम करवाते हैं उसके बाद खुद ही फाईल लेकर आरिटीओ के चेंबर में घुसकर फाईल में साईन करवाकर ले आते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि परिवहन विभाग के अफसर एवं बाबुओं की मिली भगत से यह सारी गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। एजेंट से लेकर उपर अधिकारी तक सबका हिस्सा फिक्स होता है। आम आवेदक बड़ी उम्मीद से वाहन संबंधी काम करवाने यहां आता है मगर विभागीय कर्मचारी एवं एजेंट उन्हें लूटते हैं और अतिरिक्त राशि की वसूली कर आपस में बंदबांट करते हैं। आरटीरओ अफसर भी सबकुछ देखकर आंखें मंदे रहते हैं। कई ऐसे पीड़ित आवेदक हैं जिन्होने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर संवाददाता को बताया कि परिवहन कार्यालय में अवैध वसूली खुलकर की जाती है मगर कोई इसकी शिकायत सामने आकर करना नहीं चाहता क्योंकि समय बे समय किसी न किसी काम से कार्यालय आना पड़ता है। शिकायत करने पर कहीं आगे उनका बनने वाला काम अटक न जाए इस डर से कोई सामने आकर इनकी शिकायत नहीं करता।

> कार्यालय से रेट लिस्ट जारी होने जैसी कोई जानकारी नहीं है मुझको। इसको पता करना पड़ेगा। समय समय वाहन संबंधी कार्यों के फीस के लिए कुछ थोड़ा बहुत बदलाव अवश्य होता रहता है।
>
> (गौरव पाटले)
> जिला परिवहन अधिकारी
> दंतेवाड़ा

# 'छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा की तैयारी जोरों पर



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 9 जनवरी।** आम आदमी पार्टी धमतरी द्वारा आगामी 11 जनवरी से छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं जिसके लिए 8जनवरी को अहम बैठक किया गया जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव ने चर्चा मे बताया की लगातार किसानों को धान खरीदी मे परेशानी आ रही हैं बिजली बिल मे बेतहासा वृद्धि हो रही हैं छत्तीसगढ़ के जल जंगल जमीन को काटा जा रहा हैं युवाओं को रोजगार के नाम पे छला जा रहा हैं इसलिय अब छत्तीसगढ़ को बचाना आवशयक हो गया हैं जिसकी रुपरेखा तय करने के लिए धमतरी में बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी श्री भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सचिव एवं सह प्रभारी रूद्रसेन सिन्हा,लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें आगामी 11 तारीख को होने वाले छत्तीसगढ़ बचाबों यात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा हुई जिसमें प्रमुख रूप से श्री भूपेंद्र चंद्राकर,रूद्रसेन सिन्हा,महेश यादव लोकसभा उपाध्यक्ष संजय,गरियाबंद जिला अध्यक्ष चमन यादव,धमतरी जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव,वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम चंद्राकर,जिला उपाध्यक्ष राजनंदन सिन्हा,यूथ विंग जिलाअध्यक्ष गरियाबंद हरीश पटेल,यूथ विंग जिला अध्यक्ष धमतरी ललित नागरची,जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार नागरची, जिला सो.मीडिया प्रभारी नीरज साहू,ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी मोहम्मद अजहर,ब्लॉक अध्यक्ष मेघ सिंह ढीढी,देवेंद्र कुमार, खेमराज साहू,मनोज कुमार एवं अन्य क्रांतिकारी साथी उपस्थित थे।

# साढ़े 5 लाख की नशीली दवाओं समेत एक महिला गिरफ्तार



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 9 जनवरी। पुलिस के द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशे के सौदागरों तथा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य मे प्रतिबंधित अवैध नशीली टैबलेट का बिक्री करने के लिए इंतजार करने वाले एक महिला आरोपी को साढ़े 5 लाख के प्रतिबंधित नशीली दवा अल्प्राजोलम के साथ गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला जिसका नाम जुगबाई है बैलबाजार में अपने सब्जी के ठेले में बैठकर अवैध नशीली टैबलेट रख कर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है कि सूचना तस्दीक हेतु हेतु तत्काल मुखबिर के बताए स्थान में जाकर तस्दीक किया गया, जहां उक्त स्थान में मुखबिर के बताए हुलिया की महिला मिली, जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम जुगबाई उर्फ रीता चौधरी पति चंदन चौधरी, उम्र 57 साल, बैलाबाजार, जगदलपुर की रहने वाली बतायी तथा जिसके कब्जे से तलाशी लेने पर कुल 28 पत्ता 420 नग कुल वज़न 67.2 ग्राम अल्प्राजोलम नशीली टेबलेट जिसका खुदरा मूल्य लगभग 5, 37,600/ रूपये को बरामद कर विधिवत् जप्त करते हुए उक्त महिला आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायालय NDPS में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# विकास कार्यों में राशि की नहीं होगी कमी प्राथमिकता से पूर्ण होंगे विकास के काम: देव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 9 जनवरी।** नगर निगम क्षेत्र में अनवरत चल रहे विकास कार्यों की सौगात देते आज लाखों रुपए की विकास कार्यों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने विधिवत भूमिपूजन किया। शहर में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगातार पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में आज शहर के जिसमें शहर के भंगाराम चौक के पास एवं पावर हाऊस के सामने के पुलिया एवं जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय विधालय में निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया । शहर के भंगाराम चौक में लागत 18.75 से पुलिया निर्माण कार्य,पावर हाऊस के सामने पुलिया निर्माण लागत 25 लाख रुपए से निमार्ण कार्य किया जायेगा। वहीं जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक निधि से लागत 16.50 लाख रुपए से अतिरिक्त कक्ष एवं सायकल स्टैंड निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने कहा कि विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी।

शहर विकास में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव जी के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। श्री देव ने कहा कि शहर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए हमारी सरकार का संकल्प की जनता को मूलभूत सुविधा देना जिसमें जलभराव की समस्या को दूर करने में भंगाराम चौक एवं पावर हाऊस के सामने पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन मद से शहर में विभिन्न क्षेत्रों में पुलिया निर्माण कार्य किया जायेगा।

# आईटीआई में 12 जनवरी को लगेगा मेगा प्लेसमेंट कैंप

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 9 जनवरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर जिले के तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है । संस्था के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार 12 जनवरी को संस्था परिसर में एक दिवसीय 'राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप' का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा जिसमें आईटीआई के सभी व्यवसायों से उत्तीर्ण युवा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए भाग ले सकते हैं। इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य आईटीआई पास कर चुके युवाओं का अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीयन कराना और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

शिविर में प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए औद्योगिक प्रतिष्ठानों का एस्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन भी मौके पर ही किया जाएगा, जिसके लिए विभिन्न निजी प्रतिष्ठानों के संचालकों और प्रबंधकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इस प्लेसमेंट कैंप का मुख्य आकर्षण देश की प्रतिष्ठित निर्माण कंपनी मुंबई द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया होगी। इस विशेष ड्राइव में केवल पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं को पहले दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**गांव के ग्रामीण ही निकाल रहे चोरी छिपे रेत, जिम्मेदार पंचायत प्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में**

# रात के अंधेरे में बालुद पंचायत के नदी तट से रेत की हो रही चोरी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 9 जनवरी।** दंतेवाड़ा जिले के सरहद से सटे ग्राम पंचायत बालुद में रात के अंधेरे में नदी तट से रेत की धड़ाधड़ चोरी हो रही है। अंधेरा घिरते ही ग्रामीण अपने अपने ट्रेक्टर लेकर जाते हैं और रेत की निकासी कर ट्रेक्टरों में रेत भरकर ले जाते हैं। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है । इस पर न तो पंचायत प्रतिनिधियों का कोई जोर चलता है और न ही माईनिंग विभाग कभी इस मामले में कोई दखल या वैधानिक कारवाई करने की हिमाकत कर पाई है। नतीजा रेत की चोरी बदस्तूर हो रही है जिससे सरकार को करोड़ों रूपए के राजस्व का घाटा हो रहा है।



बीती रात भी बालुद के पटेलपारा नदी कोंटा क्षेत्र से रेत की बंपर लूट हमेशा की तरह अनवरत जारी रही। शाम घिरते ही यहां रेत की चोरी का सिलसिला तू निकल मैं आया की तर्ज पर शुरू हो जाता है। रेत निगरानी समिति हो या पंचायत के प्रतिनिधि कोई भी इस रेत की तस्करी को रोकने में रूचि नहीं दिखा रहा। चोरी होती है तो होने दो। सब मिल बांटकर खाओ वाला सिस्टम यहां चल रहा है। रात के अंधेरे में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कानुनन अपराध है। पंचायत को सरकार ने अपने अपने क्षेत्र के रेत खदान के निगरानी एवं संचालन की जिम्मेदारी दी है जिसके बाद से पंचायत की यह जिम्मेदारी बनती है कि रेत की चोरी को वो अपने पंचायत में पुरी तरह से रोक लगाएं मगर बालुद के पटेलपारा नदी कोंटा क्षेत्र में तो मानो रेत की लूट मची हुई है। नियम के मुताबिक शाम 5 बजे के बाद रेत की निकासी एवं परिवहन प्रतिबंधित है। वहीं बालुद पंचायत में शाम 5 बजे के बाद गिद्ध नजर बनाए बैठे ट्रेक्टर मालिक अपने अपने ट्रेक्टरों को लेकर नदी कोंटा क्षेत्र में घुस जाते हैं और लोडर मशीन, जेसीबी से खोद खोदकर ट्रेक्टरों में रेत भरकर ले जाते हैं। बीती रात भी कई ट्रेक्टरों को रेत की चोरी करते संवाददाता ने अपने कैमरे में कैद किया है। ट्रेक्टर चालकों से पुछने पर कहते हैं कि शाम को उनका ट्रेक्टर नदी में फंस गया था बड़ी मशक्कत से अभी निकाल पाए हैं इसलिए लेट हो गया है हम रात में रेत नहीं निकाल रहे बस यही बहाना हर ट्रेक्टर चालक का होता है। पिटपास दिखाने को कहने पर इनके पास कोई पिटपास भी नहीं होता। पंचायत प्रमुख से जब सवाल किया गया कि आखिर आप रेत की तस्करी पर पाबंदी क्यों नहीं लगवा रहे तो तो उन्होने बड़े ही साफगोई से माना कि हां रेत की चोरी हो रही है। उन्होने कहा कि हम तमाम प्रयास करके थक चुके हैं कोई मानने को तैयार नहीं। ज्यादा कुछ कहने पर लड़ाई झगडा की स्थिति निर्मित होती हैं। रेत तस्कर अगर नहीं मान रहे तो पंचायत को इसकी शिकायत माईनिंग प्रशासन, एसडीएम एवं पुलिस को करनी चाहिए। पंचायत की ओर से कोई शिकायत इन विभागों को अब तक लिखित में नहीं किया गया है। पंचायत प्रमुखों की अगर ईमानदारी से इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मंशा होती तो उन्हें कठोर कदम उठाने चाहिए थे जबकि ऐसा होता नहीं दिख रहा जिससे यह प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं पंचायत की संलिप्तता, मिलीभगत या कहें कि मौन सहमती से ये सारा खेल खेला जा रहा है तो गलत नहीं होगा। बहरहाल जिम्मेदारी जिसकी भी हो प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हर हाल में रूकना चाहिए अन्यथा इसकी भारी कीमत आगे चलकर हम सबको चुकानी पड़ेगी।

# धन धान्य योजना अंतर्गत विषमुक्त खेती की ओर बढ़ते कदम दंतेवाड़ा के कृषक संजय ने जैविक मक्का उत्पादन से पेश की मिसाल

**दंतेवाड़ा, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा संचालित धन धान्य योजना के अंतर्गत जिले को जैविक एवं विषमुक्त खेती की दिशा में अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड कुआकोंडा के सुदूर वनांचल ग्राम हितावर के प्रगतिशील कृषक श्री संजय ने रासायनिक खेती को त्यागकर पूरी तरह जैविक पद्धति से मक्का उत्पादन कर क्षेत्र के किसानों के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मिट्टी की घटती उर्वरता और रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता से चिंतित संजय ने कृषि विभाग के अधिकारियों से सलाह लेकर इस वर्ष जैविक खेती अपनाने का निर्णय लिया। कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा उन्हें विषमुक्त खेती के लाभों, जैविक संसाधनों के महत्व और मिट्टी की सेहत सुधारने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विभागीय मार्गदर्शन में संजय ने खेत की तैयारी के दौरान गोबर की खाद और वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर भूमि को पोषक बनाया। बीजों को ट्राइकोडर्मा तथा बीजामृत जैसे जैविक उपचारों से सुरक्षित किया गया तथा फसल के पोषण के लिए जीवामृत और घनजीवामृत जैसे जैविक घोलों का प्रयोग किया गया। रासायनिक उर्वरकों के पूर्ण बहिष्कार के बाद भी फसल में कहीं भी पोषण की कमी दिखाई नहीं दी, बल्कि खेत की मक्का फसल पहले की तुलना में अधिक हरी-भरी और स्वस्थ नजर आई। जैविक खेती अपनाने से संजय की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है क्योंकि उन्हें यूरिया, डीएपी और अन्य महंगे रासायनिक उर्वरक खरीदने की जरूरत नहीं पड़ी।

### ईएसपी मशीन बंद कर रात में छोड़ा जा रहा जहरीला धुआं, गांव काली डस्ट की गिरफ्त में

# प्रशासन की नाक के नीचे उगल रहा काला जहर शिव शक्ति प्लांट बेलगाम : बजरंग अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 9 जनवरी।** जिले के समीप संचालित शिव शक्ति प्लांट एक बार फिर गंभीर पर्यावरणीय संकट का कारण बनता नजर आ रहा है। पर्यावरण मित्र बजरंग अग्रवाल ने प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर तीखे सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि प्लांट प्रबंधन जानबूझकर ईएसपी मशीन बंद कर काला और जहरीला धुआं उगल रहा है, जबकि प्रशासन और पर्यावरण विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।

अग्रवाल का आरोप है कि काले धुएं और राख की वजह से आसपास के गांवों में खेत, घर, पेड़-पौधे और जलस्रोत काली डस्ट से ढक चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को सांस लेना तक दूभर हो गया है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में दमा, खांसी, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। पर्यावरण मित्र के अनुसार, दिन में औपचारिक रूप से ईएसपी मशीन चालू दिखाकर नियमों का पालन दर्शाया जाता है, जबकि रात के अंधेरे में जानबूझकर मशीन बंद कर प्रदूषण फैलाया जाता है। यह पूरी तरह से सुनियोजित और प्रशासनिक निगरानी की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बार-बार शिकायतें और मीडिया में खबरें आ चुकी हैं, तो फिर किस दबाव या संरक्षण में शिव शक्ति प्लांट को खुली छूट दी जा रही है बजरंग अग्रवाल ने कहा कि इससे पहले भी शिव शक्ति प्लांट के खिलाफ शिकायतें की गईं, मीडिया में मामले उठे और पर्यावरण विभाग ने जांच के नाम पर औपचारिकता निभाई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यावरण विभाग की निष्क्रियता ने प्लांट प्रबंधन के हौसले बुलंद कर दिए हैं और आज हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पूरा क्षेत्र प्रदूषण का शिकार बन गया है।सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, तो प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण विभाग आखिर किस भूमिका में हैं नियंत्रक या मूक दर्शक पर्यावरण मित्र ने इसे सीधे तौर पर प्रशासनिक संरक्षण का मामला बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

पर्यावरण मित्र बजरंग अग्रवाल ने जिला प्रशासन, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और शासन से मांग की है कि शिव शक्ति प्लांट की ईएसपी मशीन, उत्सर्जन रजिस्टर और रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम की तत्काल जांच कराई जाए। साथ ही दोषी पाए जाने पर प्लांट संचालन पर रोक लगाते हुए भारी जुर्माना और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीणों को काले धुएं के इस जहर से निजात मिल सके।

## समाचार संक्षेप

### देवगुड़ियों की संरक्षण और पुजारियों की सम्मान के लिए आगे आए जयदेव



**जगदलपुर,9 जनवरी।** शहर के भंगाराम चौक स्थित काछनगुड़ी में गुरूवार को संभागभर के देवी-देवताओं के पुजारियों व गांव के प्रमुखों की एक बैठक सुकमा जमीदार कुमार जयदेव के अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में गांव की देवगुड़ियों को संरक्षण करने के साथ-साथ पुजारियों को भी सम्मान दिलाने को लेकर जोर दिया गया। वहीं संभागभर से पहुंचे पुजारियों व ग्राम प्रमुखों ने कुमार जयदेव पर भरोसा जताया और आगे बेहतर तरीके से एकजुटता के साथ काम करने की बात कही।इस अवसर पर कुमार जयदेव ने कहा कि हम बस्तरियों के लिए सबसे बड़ा देवी-देवता हैं, लेकिन देवगुड़ियों की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है और ना ही उनके पुजारियों का सम्मान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेला-मड़ई के नाम पर लूट हो रहा है, जिसे प्रशासन के साथ-साथ पुजारियों को भी जागरूक होकर रोक लगाना होगा। देवगुड़ियों के लिए जो भी राशि मिलती है, उसका उपयोग उनके संरक्षण पर होनी चाहिए। इस दौरान कुमार विजीत देव, दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी प्रेम पाढ़ी, सिकन्दर ठाकुर, योगेश ठाकुर, मावली मंदिर पुजारी अनिल ठाकुर, रविन्द्र दास, प्रकाश रावल सहित अन्य उपस्थित थे।

### इंदौर जैसी त्रासदी का खतरा, अलर्ट के बावजूद फिल्टर प्लांट में डेढ़ साल से जमी है गंदगी

**जगदलपुर,9 जनवरी।** इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद पूरे देश में जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर निगमों को अलर्ट मोड पर रहने और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने साफ शब्दों में कहा है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लेकिन इस अलर्ट के बीच जगदलपुर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।शहर के पावर हाउस चौक स्थित फिल्टर प्लांट के सेटलींग टैंक की सफाई पिछले डेढ़ साल से नहीं की गई है, जिसमें गंदगी जमी हुई है। यही फिल्टर प्लांट इंद्रावती नदी से पानी लेकर उसे शुद्ध कर शहर के घरों तक पहुंचाने की मुख्य कड़ी है। जगदलपुर में करीब 30 हजार घरों तक पानी की आपूर्ति की जाती है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत भार इसी फिल्टर प्लांट पर निर्भर है। ऐसे में सेटलींग टैंक की नियमित सफाई न होना, केवल तकनीकी चूक नहीं बल्कि शहरवासियों की सेहत के साथ बड़ा जोखिम माना जा रहा है।कांग्रेस और नगर निगम प्रशासन ने क्या कहा- इस मुद्दे पर विपक्ष ने निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि इंदौर जैसी गंभीर घटना के बाद भी जगदलपुर नगर निगम ने कोई ठोस सबक नहीं लिया और लापरवाही जारी है। वहीं नगर निगम प्रशासन इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा कर रहा है कि इंदौर की घटना के बाद निगम पूरी तरह अलर्ट है। शहरवासियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### ट्रक पलटने से हाईवे घंटों जाम रहा



**भिलाई, 9 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी में खारुन टोल प्लाजा के पास आज तड़के साढ़े 3 बजे के आसपास अनियंत्रित होकर एक ट्रक के पलट जाने से लगभग 6 घंटे तक हाइवे जाम रही। हालांकि ट्रक पलटने की घटना दुर्ग से रायपुर जाने वाली सड़क पर हुई। लेकिन इसके चलते कुम्हारी के स्टेशन चौक पर सड़क अवरुद्ध हो जाने से दोनों दिशा में लंबा जाम लग गया। देखते ही देखते रायपुर की ओर टाटीबंध तो दुर्ग की दिशा में चरोदा तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं अहिवारा - धमधा रोड पर भी घंटों तक आवागमन बाधित रहा। सुबह साढ़े 9 बजे कुम्हारी थाना और ट्रैफिक पुलिस की टीम ने पलटी हुई ट्रक को सड़क से हटाया, तब जाकर जाम से राहत मिली।

कुम्हारी में खारुन टोल प्लाजा के पेपर रोल ट्रक पलट गई। इसके चलते दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाली सड़क पुरी तरह से अवरुद्ध हो गई। देखते ही देखते टोल प्लाजा से कुम्हारी नगर की ओर वाहनों की कतार लगने लगी। वाहनों का यह कतार स्टेशन चौक के पास पहुंचा तो अहिवारा - धमधा रोड को पुरी तरह से अवरुद्ध कर डाला। इससे रायपुर की ओर से स्टेशन चौक से अहिवारा और धमधा की ओर मुड़ने वाली गाड़ियों के पहिए थम गए और रायपुर से दुर्ग जाने वाली सड़क पर भी जाम लग गया। आलम यह हो गया कि नीचे वाली सड़क के साथ साथ फ्लाईओवर में भी गाड़ियां फंस गई। देखते ही देखते रायपुर की ओर टाटीबंध तक हाइवे जाम हो गया। वहीं दुर्ग की दिशा में चरोदा तक वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान सुबह नौकरीपेशा लोगों को समय पर अपने कार्यस्थल तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं नगर पालिका कार्यालय के पास मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिल पाया। सुबह साढ़े 9 बजे ट्रक को साइड लगाने के बाद धीरे-धीरे ट्रैफिक सामान्य होने लगा।

## एक नजर

### मनरेगा से बदली बंजर भूमि की तकदीर, तमनार में हरियाली बनी ग्रामीण आजीविका का सहारा

**रायगढ़, 9 जनवरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अब केवल मजदूरी तक सीमित नहीं रही, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर आजीविका का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजना में मनरेगा के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्य ने बंजर भूमि को हरियाली में बदलते हुए ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई।

### कुपोषण में कमी लाने नियमित गृह भेंट करें: सीईओ नंदनवार

**महासमुंद 9 जनवरी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत नंदनवार ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा ली। बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष आयोजित हुआ। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टिक्केंद्र जाटवर, समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।जिले में कुपोषण स्तर की समीक्षा उपरांत बच्चों की वजन मापन एवं पर्यवेक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित गृहभेंट कर परिवार के सदस्यों को कुपोषित बच्चों के पालन पोषण, उचित देखभाल व बच्चों के पोषण आहार की आवश्यक जानकारी प्रदाय कर कुपोषण स्तर में कमी लाने, किशोरी बालिकाओं को आयरन फोलिक टैबलेट, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को टी.एच.आर शत प्रतिशत नियमित रूप से प्रदाय किए जाने हेतु निर्देश किया गया। सीईओ श्री नंदनवार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में बुनियादी सुविधा यथा स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय उपलब्ध हो संबंधी निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की रिक्त पदों की शत प्रतिशत नियुक्ति शीघ्र-अतिशीघ्र किये जाने, आमंत्रित आवेदनों में तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए। आंगनबाड़ी भवन मरम्मत व नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृति के संबंध में पत्र प्रस्तुत करने पर आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने को कहा गया। साथ ही साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा उपरांत सभी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने व हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा में विकास के मुद्दे पर हुई चर्चा

**जगदलपुर, 9 जनवरी ।** जिला पंचायत बस्तर के सभाकक्ष में गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के ग्रामीण विकास, अधोसंरचना और जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन सहित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती वेदवती कश्यप ने जिले में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण मिलकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें और बस्तर को एक विकसित जिले के रूप में पहचान दिलाएं। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुई, जिसके बाद एजेंडा में शामिल 19 प्रमुख बिंदुओं पर सिलसिलेवार समीक्षा की गई। बैठक में वन विभाग, विद्युत विभाग और उद्यानिकी विभाग की योजनाओं पर विशेष फोकस रहा। सदस्यों ने बस्तर जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों की पूर्ण और अपूर्ण स्थिति का जानकारी चाही, साथ ही व्यक्तिगत वन अधिकार प्रकरणों के निराकरण की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

### 150 कट्टा धान अवैध धान परिवहन करते एक वाहन जब्त

**महासमुंद, 9 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए संयुक्त टीम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में आज विकासखंड सरायपाली अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। संयुक्त जांच दल ने ग्राम दमोदरहा क्षेत्र में निगरानी के दौरान एक 407-वाहन को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा। वाहन चालक द्वारा धान के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए 407-वाहन को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु थाना सरायपाली को सुपुर्द किया गया है। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा बागबाहरा कला में 150 कट्टा धान जप्त किया गया है। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी के विरुद्ध अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

## सिंधी युवा सम्मेलन 11 जनवरी के प्रोग्राम का संत युधिष्ठिर लाल के हाथों ब्रोशर का हुआ विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,9 जनवरी।** भारतीय सिंधू सभा छत्तीसगढ़ युवा शाखा द्वारा प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय सिंधी युवा सम्मेलन स्थानीय विमतारा भवन में रविवार 11.01.26 को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिंधी युवा वर्ग और समाज को भाषा, संस्कृति, सभ्यता और इतिहास से जोड़ना है और यह कार्यक्रम मुख्यतः तीन चरणों में संपन्न होगा, जिसका प्रथम उद्घघाटन सत्र मुख्य अतिथि संत युधिष्ठिर लाल और विशेष अतिथि श्री श्रीचंद सुंदरानी के सानिध्य में होगा,

द्वितीय चरण में बिलासपुर की भारतीय सिंधू सभा महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनिता भावनानी का युवाओं को फोकस करते हुए जिनका विषय- भाषा, संस्कृति, सभ्यता. तत्पश्चात् अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर अनूप मुंदड़ा का अपने व्यवसाय की सफलता के लिए बिजनेस टैक्निक पर व्याख्यान रहेगा और दोपहर लंच के पहले सीए चेतन तारवानी जीएसटी और टैक्सेशन विषय पर संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के तृतीय और अंतिम चरण बिजनेस टाक शो के तहत ऐसे उद्यमी जिन्होंने अपने जीवन और व्यापार में अनेकों विषमताओं के बावजूद सफलता के शिखर पर पहुंचे हैं उनकी सफलता के विचारों को सुनते हुए उन्हें सम्मानित किया जाएगा जिसे नेशनल ट्रेनर जेसी आंचल पंजवानी संचालित करेंगी। अंत में ओपन हाउस होगा जिसके तहत श्रोतागण अपने प्रश्नों और शंकाओं का समाधान प्राप्त करेंगे। प्रोग्राम की तैयारी अंतिम चरण में है इसके ब्रोशर का विमोचन सांई संत श्री युधिष्ठिर लाल जी के हाथों किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सभी पंचायतों और युवाओं और प्रबुद्ध जनों की भागीदारी होगी

उक्त कार्यक्रम में भारतीय सिन्धु सभा छत्तीसगढ़ युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष चेतन हिन्दूजा, महामंत्री विवेक तनवानी, उपाध्यक्ष सुमित रावलानी, मुकेश मखीजा, नरेन्द्र दासवानी, नवीन केशवानी, पंकज गंगवानी , मनीष आसवानी, विशाल रामरख्यानी, रिक्की गनवानी, दौलत वाधवानी समेत युवा कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारियों में लगे हुवे है।

### श्रम कानूनों के पालन के लिए संयुक्त टीम ने किया सोलर पॉवर प्लांट और चिमनी भट्ठा का निरीक्षण

**महासमुंद, 9 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश के परिपालन में जिले में श्रम कानूनों के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कार्रवाई की गई। इसी क्रम में मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड द्वारा ग्राम जंगलबेड़ा में निर्माणाधीन सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में श्रम पदाधिकारी श्री डी.एन. पात्र, निरीक्षक विधिक माप विज्ञान सिद्धार्थ दुबे एवं श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल उपस्थित रहे।विधिक माप विज्ञान विभाग की जांच में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। वहीं श्रम विभाग के निरीक्षण में पाया गया कि सोलर पैनल फिटिंग का कार्य ठेकेदार केएसएल क्लिनटेक लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। इस दौरान संविदा श्रमिक अधिनियम 1970, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम अधिनियम 1996 के अंतर्गत जांच की गई।

## पेयजल सप्लाई से पूर्व होता है जल का परीक्षण:गुप्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,9 जनवरी।** नगर निगम के जलापूर्ति विभाग से शहर की जनता को शुद्ध पेयजल मिले ईसके लिए शहर में दो फिल्टर प्लांट और 17 टंकी है। एक फिल्टर प्लांट पुरानी और दूसरी फिल्टर प्लांट आधुनिक है। पुराने फिल्टर प्लांट से चार एमएलटी पानी और नए फिल्टर प्लांट से 9 एमएलटी पानी की सप्लाई शहर में की जाती है, लगभग 5-30 एमएलटी पानी की सप्लाई बोर एवं अन्य माध्यम से। इस तरह कुल 17.5 एमएलटी पानी रोजाना शहर की जनता की प्यास बुझाता है।

दोनों फिल्टर प्लांट से 13 एमएलटी पानी की सप्लाई से पूर्व, 24 घंटे में 6 बार पानी का सैंपल लिया जाता है, और इसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रयोग शाला में जांच कराया जाता है। फिल्टर प्लांट से ट्रीटमेंट प्लांट से होकर गुजरने के बाद सप्लाई से पूर्व सेंपल पानी का लिया जाता है और इसे टेस्ट किया जाता है।इस तरह से मानक युक्त शुद्ध जल ही निगम द्वारा सप्लाई की जा रही हैसुरेश गुप्ता जल कार्य सभापति ने बताया कि नगर निगम शहर की जनता को आश्वस्त करना चाहता है कि फिल्टर प्लांट की सफाई का कार्य गर्मी में किया जाता है और यह प्रक्रियाधिन है। इसके साथ ही समय-समय पर फिल्टर प्लांट का सिल्ट नगर निगम के कुशल मजदूरों के द्वारा निकाला जाता है। वर्तमान में भी महापौर संजय पांडे के निर्देश पर जल कार्य विभाग द्वारा शहर के 17 टंकियों की सफाई की निविदा 20.7.2025 को जारी की गई और 20.8.2025 को टंकी सफाई हेतु कार्यादेश जारी किया गया। इस निविदा के तहत अब तक 15 टंकियों की सफाई हो चुकी है, दो में कार्य प्रगति पर है। यहां यह बताना जरूरी है कि पूर्व में 8/8/2023 को 17 टंकियों की जल क्षमता 182.4 लाख लीटर का सफाई का दर 42 पैसे प्रति लीटर से सफाई में 38,30, 400 रूपये (अड़तीस लाख तीस हजार चार सौ रुपए) खर्च किए गए थे वहीं 20/8/2025 के परिपेक्ष में 182.4 लाख लीटर 17 टंकियों की सफाई का दर 13.5 पैसे प्रति लीटर से 24,62,400 मात्र खर्च होना है। इस तरह से वर्तमान में जो 17 टंकी की सफाई होगी और इस सफाई में जो पारदर्शिपूर्वक निविदा की गई है इससे निगम को पूर्व की निविदा से लगभग 14 लाख रुपए कम खर्च होगा। जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने बताया की निगम के द्वारा टंकियों की सफाई, फिल्टर प्लांट की सफाई का कार्य प्रगति पर है और कभी किसी वार्ड से पानी की किसी प्रकार की शिकायत आने पर उसका त्वरित निराकरण भी किया जाता है।



## समूहों को लाख किट वितरण,ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



**रायपुर, 9 जनवरी ।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप तथा बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप द्वारा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित बेनूर एवं फरसगांव के स्व-सहायता समूहों को लाख किट का वितरण किया गया। जिले में लाख पालन को बढ़ावा देने और ग्रामीणों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत बेनूर एवं फरसगांव क्षेत्र में लाख पालन परियोजना तैयार की गई है।

परियोजना के क्रियान्वयन के लिए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से लाख पालन करने वाले किसानों का सर्वेक्षण किया गया। लाख पालन परियोजना का शुभारंभ वर्ष 2025-26 से किया गया है। इन क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले लाख पोषक वृक्षों पर वैज्ञानिक पद्धति से लाख उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए स्व-सहायता समूहों को लाख किट वितरित किए गए हैं, इससे पारंपरिक पद्धतियों की बजाय आधुनिक तरीकों से अधिक गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ लाख उत्पादन संभव होगा, जिससे किसानों और समूहों को लंबे समय तक बेहतर आर्थिक लाभ मिल सकेगा।लाख किट वितरण से स्व-सहायता समूहों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार का सशक्त अवसर प्राप्त होगा। इससे उनकी नियमित आमदनी में वृद्धि होगी और वन आधारित आजीविका को नए आयाम मिलेंगे। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।


### विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण के प्रदेश संयोजक बने विजेन्द्र सिंह ठाकुर

**डोंगरगढ़,9 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ने किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्रकल्पों के संयोजक एवं सह-संयोजकों की घोषणा की है। इसी क्रम में डोंगरगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता विजेन्द्र सिंह ठाकुर को विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजी रामजी) प्रकल्प का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है।विजेन्द्र सिंह ठाकुर पार्टी संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वे पूर्व में भाजपा शहर मंडल महामंत्री, युवा मोर्चा महामंत्री, छुरिया मंडल प्रभारी, भाजपा जिला मंत्री, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष तथा डोंगरगढ़ विधानसभा मीडिया प्रभारी जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं। संगठन के भीतर उन्हें सक्रिय एवं अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है।पार्टी सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने संगठन द्वारा समय-समय पर सौंपी गई जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाया है। इसी अनुभव और संगठनात्मक कार्यशैली को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण प्रकल्प की प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### दंत चिकित्सक की तैनाती से ग्रामीणों को राहत, 3 हजार से अधिक मरीजों को मिला उपचार

# वनांचल लैलूंगा में सुरक्षित मातृत्व की नई मिसाल



**रायगढ़, 9 जनवरी ।** राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप खनन प्रभावित एवं सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। विकासखंड लैलूंगा इसका सशक्त उदाहरण बन रहा है, जहां डीएमएफ मद से की गई पहल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती दी है।

डीएमएफ मद से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र (एमसीएच) लैलूंगा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.एन. उपाध्याय की पदस्थापना के बाद क्षेत्र में संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव को ठोस आधार मिला है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक एमसीएच लैलूंगा में कुल 574 सुरक्षित प्रसव संपन्न कराए गए हैं। अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 की अवधि में 105 सिजेरियन एवं 469 सामान्य प्रसव कराए जाना इस बात का प्रमाण है कि विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता से गर्भवती महिलाओं का भरोसा शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगातार बढ़ा है। समय पर उपचार और निगरानी से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी तरह डीएमएफ मद से दंत चिकित्सक की तैनाती ने भी ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी राहत दी है। वर्ष 2025-26 में दंत विभाग में अब तक 3063 ओपीडी मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 1095 मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है। इससे दंत संबंधी समस्याओं के लिए लोगों को अब जिला मुख्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है और स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, गुणवत्ता सुधार एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जा रही है। उनके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव के प्रतिशत में वृद्धि लाने पर विशेष फोकस कर रहा है, ताकि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे।उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप डीएमएफ मद से विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इन निरंतर प्रयासों से लैलूंगा जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ, सशक्त और भरोसेमंद बन रही हैं, जो आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव की कहानी लिख रही हैं।

### डीएमएफ बना रहा है स्वास्थ्य सुधार की रीढ़

रायगढ़ जिले की खनन प्रभावित एवं सुदूर वनांचल लैलूंगा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) अहम भूमिका निभा रहा है। डीएमएफ मद से एमसीएच लैलूंगा में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं दंत चिकित्सक की तैनाती से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिला है और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध हो रहा है। वर्ष 2025-26 में 574 सुरक्षित प्रसव एवं 3 हजार से अधिक दंत ओपीडी पंजीयन से साफ जाहिर हो रहीं है कि इसके माध्यम से शासन की योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से सफल हो रही हैं और वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

एक नजर

## चाणक्य स्मृति दिवस 18 जनवरी को

**रायपुर, 9 जनवरी।** वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राम्हण परिषद द्वारा समाज की एकता के सूत्रधार विप्र प्रतीक आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस अवसर पर विद्वान वक्ताओं का व्याख्यान, सनातन धार्मिक प्रश्नोत्तरी एवं सम्मान समारोह का आयोजन 18 जनवरी को वृंदावन हॉल सिविल लाईन में शाम 4 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों से धार्मिक प्रश्न पूछे जाएंगे एवं सही उत्तर देने वाले समस्त दर्शक को सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा.

## एल्युमीनियम पाउडर निर्माण की पहली इकाई शुरू

**रायपुर, 9 जनवरी।** सर्कुलर इकोनॉमी और वेस्ट-टू-वेल्थ (कचरे से मूल्य) से जुड़ी उन्नत तकनीकी समाधान देने वाली कंपनी रुनाया मेटसोर्स (रुनाया) और जर्मनी मुख्यालय वाली एल्युमीनियम ग्रैन्यूल्स व इफेक्ट पिगमेंट्स की वैश्विक अग्रणी कंपनी एकार्ट ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में अपने संयुक्त उद्यम की इकाई रुनाया एकार्ट एल्युमीनियम पाउडर प्राइवेट लिमिटेड (आरईएल) के निर्माण की घोषणा की है। रुनाया एकार्ट एल्युमीनियम पाउडर का यह संयंत्र पर्यावरण के अनुकूल, गोल आकार वाले, विशेष तकनीक से बनाए गए एल्युमीनियम पाउडर का निर्माण करेगा। यह भारत में पहली बार किया जा रहा है। इन पाउडरों का उपयोग हवाई यातायात, अंतरिक्ष अन्वेषण, अंतरिक्ष यान निर्माण, सौर ऊर्जा तकनीक, रासायनिक उत्प्रेरक उद्योग और सजावटी रंगद्रव्यों जैसे उन्नत क्षेत्रों में किया जाएगा। सजावटी रंगद्रव्य ऐसे विशेष रंग होते हैं, जो चमक, झिलमिलाहट और रंग बदलने जैसे दृश्य प्रभाव पैदा करते हैं। इनका उपयोग विभिन्न उद्योगों में उत्पादों को अधिक आकर्षक और सुंदर बनाने के लिए किया जाता है। यह संयंत्र भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि अब तक ऐसे बारीक और गोल एल्युमीनियम पाउडर पूरी तरह विदेशों से मंगाए जाते थे।

# अब पापा राव के पाप का हिसाब करेगी पुलिस

### प्रदेश में अंतिम सांसें गिन रहा माओवाद, नक्सलवाद की कमान थामे नेताओं के हौसले पस्त

**रायपुर, 9 जनवरी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा के अनुरूप इस वर्ष मार्च माह तक नक्सलवाद का प्रदेश से सफाया हो जाने की उम्मीद प्रबल हो गई है।

बस्तर से लेकर तेलंगाना तक तथा मप्र के कुछ हिस्से में दशकों तक पैर जमाए माओवादी नेटवर्क की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। नक्सलवादियों के ताबूत में आखिर कील ठोक दी जाएगी। कई बड़े नक्सली नेताओं व संगठन के पदाधिकारियों को मुठभेड़ में हलाक कर दिए जाने के बाद पुलिस व सुरक्षा बलों की नजर शीर्ष नक्सली कमांडर पापा राव पर है। पापा राव के पाप का हिसाब करने पुलिस उसके ठिकानों का पता लगा रही है। सुरक्षा बलों की सटीक रणनीति, निरंतर दबाव से माओवादी संगठन की कमर टूट गई है। जिस तरह से लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं उससे तो नक्सलवाद की कमान थामे नेताओं के हौसले पस्त हुए ही हैं। टॉप लीडर के मारे जाने से संगठन में हताशा है। उनके ठिकानों पर लगातार छापे व अस्त्र-शस्त्र तथा गोला बारूद की जब्ती ने उनकी ताकत कम कर दी है। हकीकत यह है कि पीएलजीए बटालियन एक के प्रमुख बारसे देवा उर्फ सुक्का के हथियार डालने तथा सुकमा में कोंटा एरिया कमेटी के प्रमुख हुंगा मड़कम उर्फ जोगी के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन पर नेतृत्व का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

बस्तर में अब केवल एक नक्सली कमांडर पापा राव बचा है। उसकी सांसें अब गिनती की रह गई है। बस्तर में ऊंगलियों में गिनने लायक ही नक्सली बचे हैं। ये नक्सली भी हताश-निराश व भयभीत बताए जा रहे हैं। नक्सली अब एनकाउंटर से डर रहे हैं। उनकी संख्या इतनी नहीं रह गई है कि वे पुलिस व सुरक्षा बलों का मुकाबला कर सकें। हथियारों की कमीं भी हो गई है। गत वर्ष सीसी मेंबर रुपेश ने आत्मसमर्पण किया था।

नक्सलियों के कई बड़े चेहरे या तो हथियार डाल दिए हैं या फिर ढेर कर दिए गए हैं। हिड़मा को आंध्रप्रदेश में मार गिराया गया था। मारे जाने के डर से नक्सली आत्मसमर्पण की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसमें दो राय नहीं है कि डबल इंजन की सरकार आने के बाद ही नक्सलियों का सफाया इतनी बड़ी संख्या में हुआ है। उम्मीद है मार्च माह के आते-आते प्रदेश नक्सलमुक्त हो जाएगा।

# 50.35 लाख रु. के साथ ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**रायपुर, 9 जनवरी।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में एण्टी क्राइम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना गंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 50 लाख 35 हजार रुपये के साथ ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। थाना गंज क्षेत्रांतर्गत पाठक हॉस्पिटल रोड स्थित सिंधु भवन पार्किंग के पास चारपहिया वाहन में ऑनलाइन सट्टा संचालित करते 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 50,35,000 नकद, 2 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, हुंडई टक्सन कार, पासपोर्ट, एटीएम कार्ड, चेकबुक, केलकुलेटर जब्त किया गया। आरोपियों के बैंक खातों में जमा करोड़ों रुपये की राशि होल्ड कराई गई। मुख्य आरोपी रितेश गोविंदानी एवं विक्रम राजकोरी पूर्व में भी जेल निरुद्ध रह चुके हैं। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत सिंधु भवन पार्किंग के पास एक चारपहिया वाहन में कुछ व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा (बैटिंग) संचालित कर रहे हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। वाहन में सवार चार व्यक्तियों ने अपना नाम रितेश गोविंदानी, मोह. अख्तर, विक्रम राजकोरी एवं सागर पिंजानी बताया। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि रितेश गोविंदानी एवं सागर पिंजानी मास्टर आई.डी. उपलब्ध कराते थे, जबकि मोह. अख्तर व विक्रम राजकोरी ग्राहकों को आई.डी. बेचकर कमीशन के आधार पर अवैध लाभ अर्जित कर रहे थे।

# किरेन रिजिजू से सलीम राज की वक्फ संपत्तियों के संरक्षण पर चर्चा



**रायपुर, 9 जनवरी।** राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री रिजिजू को वक्फ बोर्ड से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फसंपत्तियों की जानकारी को 'उम्मीद पोर्टल' पर अपलोड करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब तक 95 प्रतिशत से अधिक संपत्तियों का डेटा पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस पहल से वक्फसंपत्तियों का पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित होगा और समाज को इनसे अधिक लाभ प्राप्त होगा। भेंट के दौरान वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, संवर्धन और उनके बेहतर उपयोग के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर समन्वय की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त मुस्लिम युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना पर भी केंद्रीय मंत्री ने सहमति दी।

## ग्राम दारगांव में घर के अंदर रखे पैरा में लगी आग

**रायपुर, 9 जनवरी।** जिले के ग्राम दारगांव में एक मकान के भीतर रखे पैरावट में अचानक आग लगने की घटना सामने आई। घटना की सूचना तत्काल सूचक द्वारा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा कार्यालय, दुर्ग को दी गई। सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन कार्यालय से एक दमकल टीम को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए पानी की लगातार बौछार कर आग पर काबू पाया। कई गाड़ियों के पानी की मदद से आग को पूरी तरह नियंत्रित किया गया, जिससे आग आसपास के मकानों तक फैलने से रोक ली गई और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और इसे अज्ञात माना जा रहा है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि या अन्य नुकसान की सूचना नहीं है। इस सराहनीय कार्य में दल प्रभारी भगवती बंजारे के नेतृत्व में अग्निशमन कर्मचारी उमाशंकर, कुलेश, पराग, शैलेंद्र, नितिन एवं तामेश्वर ने टीमवर्क के साथ समय पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अग्निशमन दल द्वारा त्वरित कार्रवाई से बड़ी घटना होने से बच गई।

# भाठागांव की शराब दुकानें बंद की जाए : कन्हैया

**रायपुर, 9 जनवरी।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं भक्त माता कर्मा वार्ड में स्थित देशी विदेशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र की जनता उद्वेलित है। भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास और भक्त माता कर्मा वार्ड में वालफोर्ट सिटी के पास मुख्य मार्ग में शराब दुकान के साथ चखना सेंटर खोले गए हैं।

सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि इस संदर्भ में पूर्व में कलेक्टर गौरव सिंह, आबकारी आयुक्त आबकारी मंत्री को उक्ताश्य का ज्ञापन सपना के साथ ही रिंग रोड शराब दुकान के सामने धरना दिया जा चुका है जिला आबकारी आयोग के कार्यालय का घेराव किया जा चुका है पर सर आप दुकान को लेकर शासन प्रशासन की चुप्पी चिंताजनक है। उपरोक्त शराब दुकानों और चखना सेंटर के कारण आसपास का पूरा वातावरण अशांत हो गया है। रिंग रोड किनारे सर्विस रोड पूरी तरह से शाम के समय जाम रहने लगी है। शराब दुकान से लगकर सोनकर पारा, आनंद नगर, ब्रह्मदेव कॉलोनी, दंतेश्वरी मंदिर, वॉलफोर्ट सिटी, आस्क सिटी, साहू पारा, बृज विहार कॉलोनी, क्स्क स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित दर्जनों कालोनियां और अन्य बस्तियां है जिसमें गुजरते समय क्षेत्र के नागरिक खासतौर पर महिलाएं भयभीत रहती हैं।

उन्होंने कहा की क्षेत्र में मारपीट, गाली गलौच और चाकूबाजी की घटना आम बात हो गई है। उपरोक्त दोनों दुकानों को हटाने के लिए पूर्व में भी क्षेत्र के नागरिकों के साथ धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जा चुका है।

अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्रीय नागरिकों की भावनाओं के अनुरूप एवं नेशनल हाईवे के निर्णय अनुसार शराब दुकान तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्णय किया जाए। उल्लेखनीय है की प्रदेश सरकार शराबबंदी के लिए शराब दुकानों की संख्या कम करना चाह रही है पर आबकारी विभाग का सरकार की भावना के विपरीत निर्णय लेना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि दस दिन के अंदर इस संबंध में आवश्यक निर्णय नहीं लिया गया तो क्षेत्र के नागरिकों के साथ चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन



**रायपुर, 9 जनवरी।** कुसमी में यशवंत कुमार साहू एवं नवीन साहू की माता स्वर्गीय कुमारी बाई साहू की प्रथम पुण्यतिथि (वार्षिक श्राद्ध) के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया इस अवसर पर भागवताचार्य आचार्य संदीप द्विवेदी द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की दिव्य कथा का वाचन किया जा रहा है।

## गोडसे को राष्ट्रवादी बताना बापू का अपमान : कांग्रेस

**रायपुर, 9 जनवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा नाथूराम गोडसे को राष्ट्रवादी बताने वाले बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह बयान न केवल महात्मा गांधी जी का अपमान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की भावनाओं पर हमला है। नाथूराम गोडसे, जिसे भारत का पहला आतंकवादी माना जाता है, ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की थी। उन्हें राष्ट्रवादी कहकर संबोधित करना भाजपा की राष्ट्रपिता के प्रति घिनौनी और विभाजनकारी सोच को उजागर करता है। महात्मा गांधी जी ने अहिंसा, सत्य और एकता के सिद्धांतों पर भारत की आजादी की नींव रखी। वे विश्व शांति के प्रतीक हैं और पूरे विश्व में सम्मानित हैं। ऐसे में, भाजपा के नेताओं द्वारा बार-बार गोडसे जैसे हत्यारे को महिमामंडित करने की कोशिशें देश की एकता और संविधान की मूल भावना पर प्रहार हैं। बंजारे ने आगे कहा कि यह बयान दर्शाता है कि भाजपा की विचारधारा में गांधी जी के आदर्शों के लिए कोई जगह नहीं है, बल्कि वे विभाजन और हिंसा को बढ़ावा देने वाली ताकतों का समर्थन करती हैं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण इस बयान की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि मंत्री टंक राम वर्मा अपने बयान पर तुरंत माफी मांगें तथा भाजपा इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे।

**बैठक** | विधायक निधि, आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों की समीक्षा

# विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें : सोनी



**रायपुर, 9 जनवरी।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील कुमार सोनी ने आज विधायक कार्यालय में विधायक निधि के विकास कार्यों, 8 सर्वसुविधायुक्त नए आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने विगत बैठक की प्रगति की विस्तृत चर्चा की तथा विधायक निधि के 33 स्वीकृत कार्यों के निर्माण में विलंब किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ एवं समय सीमा में पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया।

विधायक सोनी ने लंबित कार्यो की तकनीतिक स्वीकृति, निविदा, अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने इत्यादि के निर्देश दिये। उन्होंने दक्षिण विधानसभा के सभी जोन आयुक्त से वार्ड पार्षदों से वार्डवार प्रस्ताव लेकर शासन को 1 माह के पूर्व प्रेषित करने का सुझाव दिया तथा आवागमन को ध्यान में रखते हुए बाजारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। वार्डों से माडल विजन के साथ वार्डवार नए प्रस्ताव, रूपरेखा इत्यादि की जानकारी जोनवार तैयार करने तथा इसकी एक प्रति विधायक कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए शासन को प्रेषित करें। पूर्व में शासन द्वारा स्वीकृत किये गए कार्यों को आगामी 6 माह के पूर्व समय सीमा में पूर्ण किये जाने के लिए निर्देशित किया।

वार्डों के गली मोहल्लों एवं उद्यानों के रख रखाव यथा लाईट, साफसफाई, पेयजल इत्यादि पर भी उन्होंने चर्चा करते हुए टीमवर्क के साथ कार्य किये जाने एवं नियमित रूप से ध्यान रखे जाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। 11 लाख 70 हजार रूपये की लागत से बनने वाले एक आंगनबाड़ी केन्द्र के संबंध में उक्त बैठक में दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत बनने वाले 8 नए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक आंगनबाड़ी के निर्माण एवं प्रगति की समीक्षा भी की गई तथा समय सीमा में गुणवक्तायुक्त कार्य किये जाने का निर्देश दिया।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26